आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, मंगलवार 28 जनवरी 2025 ■ माघ कृष्ण पक्ष-15 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-298 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 29 जनवरी 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112









महापौर की भाजपा प्रत्याशी श्रीमती मीनल चौबे ने आज शक्ति प्रदर्शन करते हुए भाजपा कार्यालय से रैली के रूप में नामांकन दाखिल करने निकलीं।

महापौर की कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती दीप्ति दुबे आज नामांकन दाखिल करने अपने पति प्रमोद दुबे के साथ दोपहिया वाहन में सवार होकर कलेक्टोरेट पहुंचीं। यहां उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उपस्थिति में नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया। कांग्रेस की नामांकन रैली आज अचानक रद्द कर दी गई।

## संक्षेप

### निर्माणाधीन भवन की छत गिरी, महिला समेत कई मजदूर दबे

**बिलासपुर, 28 जनवरी।** सिरगिट्टी क्षेत्र में ढलाई के समय छत गिर गई। जिससे मलबे में महिला सहित कुछ मजदूर दब गये। हादसे में इलाके में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में मलबा हटाकर मजदूरों को अस्पताल मे इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। दरअसल, सिरगिट्टी थाना प्रभारी ने बताया कि सेक्टर ए में एक फैक्टरी का भवन बन रहा है। सोमवार की शाम पहले तल की छत पर ढलाई चल रही थी। इसी दौरान करीबन शाम के समय छत भसक कर नीचे गिर गई। जिसमें नीचे में काम कर रहे मजदूर राजकुमारी, मोनू ध्रुव,अशोक साहू, दुर्गेश साहू मलबे में दब गए। मजदूरों के दबने से इलाके में हड़कंप मच गया। इसकी सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। लोगों की मदद से पुलिस ने मलबा हटाकर नीचे दबे मजदूरों को बाहर निकाला। उसके बाद चारों को तोरवा स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### हाईकोर्ट ने झारखंड सरकार को लगाई फटकार

**रांची, 28 जनवरी।** झारखंड हाईकोर्ट ने एक विधवा का 3 साल से बकाया भुगतान नहीं करने पर नाराजगी जताई है. जस्टिस आनंद सेन की अदालत ने कहा कि एक तरफसरकार विधवा को 18 लाख बकाया भुगतान नहीं दे रही है और दूसरी तरफचुनाव के वादे को पूरा करने के लिए लोगों के खाते में पैसे भेज रही है. इस संबंध में रतन देवी ने याचिका दायर की है, जिसमें उन्होंने कहा कि उनके पति चतरा जिला लाइब्रेरी में काम करते थे और 1999 से 2022 तक उनके बकाए का भुगतान नहीं किया गया है. प्रार्थी के वकील ने कहा कि सरकार स्वीकृत बकाया नहीं दे रही है, लेकिन चुनावी वादे पूरे करने के लिए मुफ्त रेवड़ियां बांट रही है. इस मामले में, चतरा के डीईओ ने 19.07.2024 को शपथपत्र दाखिल कर कहा था कि भुगतान के लिए राशि मांगी गई है और राशि मिलते ही भुगतान किया जाएगा. सरकार चुनावी वादों को पूरा करने के लिए लाभार्थियों के खाते में निःशुल्क राशि दे रही है.

### छग के प्रथम डीजीपी श्रीमोहन शुक्ला का निधन

**भोपाल 28 जनवरी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रथम पुलिस



महानिदेशक, पीएससी के प्रथम चेयरमैन वैशाली नगर भोपाल निवासी श्रीमोहन शुक्ला का आज सुबह भोपाल में निधन हो गया वे 85 साल के उनका अंतिम संस्कार दोपहर 12:00 बजे भोपाल में भदभदा मुक्तिधाम में किया गया। आईपीएस श्री मोहन शुक्ला 1 नवंबर 2000 से 26 मई 2001 तक वे छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक के पद पर अपनी सेवाएं दी है। श्रीमोहन शुक्ला छत्तीसगढ़ पीएससी के प्रथम अध्यक्ष के पद पर भी सेवाएं दे चुके हैं।

# महापौर के लिए रिश्तेदारों में जंग

## मीनल, दीप्ति व शुभांगी का आपस में पारिवारिक कनेक्शन, तीनों पहले ब्राह्मणपारा में रहती थीं

■ प्रचार को लेकर कार्यकर्ता धर्मसंकट में

**रायपुर, 28 जनवरी।** राजधानी के महापौर पद का चुनाव बेहद दिलचस्प होने वाला है। तीनों ही दलों भाजपा, कांग्रेस



और आप के प्रत्याशी न केवल ब्राह्मण जाति के हैं बल्कि आपस में कहीं न कहीं से रिश्तेदार हैं। ज्ञात हो कि राजधानी के महापौर का पद सामान्य महिला के लिए आरक्षित है।

भाजपा ने नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष रहीं श्रीमती मीनल छगन चौबे पर दांव लगाया है तो कांग्रेस ने राजधानी के पूर्व महापौर तथा सभापति रहे प्रमोद दुबे की पत्नी श्रीमती दीप्ति दुबे को चुनाव मैदान में उतारा है। आम आदमी पार्टी ने



डॉ. शुभांगी तिवारी को मीनल व दीप्ति के मुकाबले खड़ा किया है। विवाह के पूर्व मीनल का मूल निवास ब्राह्मणपारा था वहीं दीप्ति भी प्रमोद दुबे से ब्याह कर ब्राह्मण पारा आई थी। उसकी डोली प्रमोद के ब्राह्मणपारा स्थित निवास में उतरी थी। शुभांगी के पिता चंद्रशेखर तिवारी अपने भाइयों के साथ वर्षों से ब्राह्मणपारा वार्ड में रहे हैं। शुभांगी का जन्म ब्राह्मणपारा में हुआ है। मीनल, दीप्ति और कुमारी शुभांगी आपस में रिश्तेदार हैं। इनके परिवार के सदस्यों का एक-दूसरे के घरों में आना-जाना है। प्रमोद दुबे व चंद्रशेखर तिवारी तो आपस में गहरे मित्र हैं। तीनों प्रत्याशियों में एक समानता यह भी है कि मीनल के पति छगन चौबे, दीप्ति के पति प्रमोद दुबे व शुभांगी की माता अंजू तिवारी पार्षद रह चुकी हैं। ये तीनों रिश्तेदार अब महापौर का चुनाव एक-दूसरे के खिलाफ लड़ रहीं हैं। एक-दूसरे के खिलाफ घूम-घूम कर प्रचार करेंगी। एक मुहल्ले के पुराने निवासियों का एक दूसरे से भिड़ने से कार्यकर्ता धर्मसंकट में आ गए हैं। ब्राह्मण कार्यकर्ताओं का इन तीनों प्रत्याशियों से या तो घरोबा है या फिर गहरी जान-पहचान है। यहां अब भाजपा-कांग्रेस या आप का सवाल नहीं है। ब्राह्मण कार्यकर्ता रिश्तेदारी के धर्मसंकट में फंस गए हैं। मीनल का प्रचार करें तो दीप्ति नाराज होगी और दीप्ति का प्रचार करें तो शुभांगी का मुंह फुलेगा। ब्राह्मणपारा व सुंदर नगर सहित अन्य वार्डों में रहने वाले ब्राह्मण रिश्ते में मामा-मामी, मौसा-मौसी, चाचा-चाची, बुआ-फूफा लगते हैं। कई सखी-सहेलियां भी कॉमन हैं। तीनों के परिवार से जान-पहचान होने के कारण समाज-परिवार के साथ ही आम मतदाताओं की उलझन बढ़ गई है कि किसे वोट दें। मीनल बहन है तो दीप्ति बहु और शुभांगी बेटी है।

## कांग्रेस के पार्षद पद के प्रत्याशी

| क. | वार्ड का नाम | प्रत्याशी |
|---|---|---|
| 1 | वीर सावरकर नगर | संदीप साहू |
| 2 | पं. जवाहर लाल नेहरु वार्ड | घनश्याम क्षत्री |
| 3 | संत कबीरदास वार्ड | पप्पू बागडे |
| 4 | यतियतन लाल वार्ड | श्रीमती किरण वर्मा |
| 5 | बंजारी माता वार्ड | श्रीमती राधिका नागभूषण राव |
| 6 | वीरांगना अवन्ती बाई वार्ड | राधेश्याम विभार |
| 7 | कुसभाऊ ठाकरे वार्ड | श्याम पटेल |
| 8 | महात्मा गाँधी वार्ड | गायत्री चंद्राकर |
| 9 | पं. मोतीलाल नेहरु वार्ड | गावेश साहू |
| 10 | रानी लक्ष्मी बाई वार्ड | मनोज वर्मा |
| 11 | डॉ भीमराव आंबेडकर वार्ड | हेमंत पटेल |
| 12 | कालीमाता वार्ड | श्रीमती प्रियंका भारद्वाज |
| 13 | राजीव गाँधी वार्ड | श्रीमती नीतू घनश्याम तिवारी |
| 14 | रमण मंदिर वार्ड | आसिफ मेमन |
| 15 | ने. कन्हैया लाल बाजारी वार्ड | घनश्याम देवांगन |
| 16 | वीर शिवाजी वार्ड | विकास वर्मा-बाबा |
| 17 | ठककरबापा वार्ड | दिनेश्वरी अन्नू राम साहू |
| 18 | बाल गंगाधर तिलक वार्ड | जितेन्द्र साहू |
| 19 | डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम वार्ड | वारेन साहू |
| 20 | रामकृष्ण परमहंस वार्ड | श्रीकुमार मेनन |
| 21 | शहीद भगत सिंह वार्ड | श्रीमती कुमकुम झा |
| 22 | प.ईश्वरी चरण शुक्ल वार्ड | श्रीमती निलीमा सिह |
| 23 | शहीद मनमोहन बक्शी वार्ड | श्रीमती रोनीता प्रकाश जगत |
| 24 | सरदार वल्लभ भाई पटेल | श्रीमती दीप मणी राम साहू |
| 25 | संतरामदास वार्ड | तरूण श्रीवास |
| 26 | दानवीर भामाशाह वार्ड | रूखमणी सुन्दरलाल जोगी |
| 27 | इंदिरा गाँधी वार्ड | दलजीत चावला |
| 28 | शहीद हेमू कल्याणी वार्ड | जी. श्रीनिवास |
| 29 | गुरु गोविन्द सिंह वार्ड | सेवक महानंद |
| 30 | शंकर नगर वार्ड | मनोज मसंद |
| 31 | ने सुभाषचंद्र बोस वार्ड | श्रीमती दिशा धोतरे |
| 32 | महर्षि वाल्मीकि वार्ड | श्रीमती संगीता निषाद |
| 33 | शहीद वीरनारायण वार्ड | प्रमोद मिश्रा |
| 34 | प रविशंकर शुक्ल वार्ड | कामरान अंसारी |
| 35 | हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड | शेख मुसीर |
| 36 | तात्यापारा वार्ड | श्रीमती संतरी हरीश साहू |
| 37 | शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड | दाउलाल साहू |
| 38 | स्वामी आत्मानंद वार्ड | विकास अग्रवाल |
| 39 | ठाकुर प्यारेलाल वार्ड | श्रीमती संगीता दुबे |
| 40 | पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड | शशीकांत साहू |
| 41 | प सुंदर लाल शर्मा | श्रीमती भारती शर्मा |
| 42 | महंत लक्ष्मी नारायण दास वार्ड | बंशी कन्नौजे |
| 43 | ब्राह्मणपारा वार्ड | मनोज सोनकर |
| 44 | स्वामी विवेकानंद सदरबाजार | राहुल तिवारी |
| 45 | मौलाना अब्दुल रउफ वार्ड | ----------------- |
| 46 | सिविल लाइन वार्ड | श्रीमती नीलम नीलकंठ जगत |
| 47 | मदर टेरेसा वार्ड | ----------------- |
| 48 | गुरुघासीदास वार्ड | शीतल कुलदीप |
| 49 | रानी दुर्गावती वार्ड | प्रभजोत सिंह लाड़ी |
| 50 | पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड | सहदेव व्यवहार |
| 51 | लाल बहादुर शास्त्री वार्ड | श्रीमती रेणु जयंत साहू |
| 52 | डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड | ----------------- |
| 53 | बाबु जगजीवन राम वार्ड | सूरज जांगड़े |
| 54 | कानरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड | उषा चंद्रहास निर्मलकर |
| 55 | रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड | मानसिंह ध्रुव |
| 56 | ले. अरविन्द दीक्षित वार्ड | ----------------- |
| 57 | पं. भगवती चरण शुक्ल वार्ड | एजाज ढेबर |
| 58 | शहीद पंकज विक्रम वार्ड | श्रीमती मोनिका जैन |
| 59 | मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड | श्रीमती कविता अमित दास |
| 60 | चंद्रशेखर आजाद वार्ड | कोमल साहू |
| 61 | डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड | ब्रह्मा सोनकर |
| 62 | शहीद राजीव पाण्डेय वार्ड | देवेन्द्र यादव |
| 63 | शहीद ब्रिगडियर उस्मान वार्ड | सतनाम सिंह पनाग |
| 64 | डॉ विपिन बिहारी सूर वार्ड | संजीव सिंह यादव |
| 65 | महामाया मंदिर यार्ड | श्रीमती जयश्री नायक |
| 66 | वामन राव लाखे वार्ड | सर्वजीत सिंह ठाकुर |
| 67 | भक्त माता कर्मा वार्ड | श्रीमती पूर्णिमा उत्तम साहू |
| 68 | डॉ खूबचंद बघेल वार्ड | डॉ. सुभाषिनी देवांगन |
| 69 | माधवराव सप्रे वार्ड | हिरेन्द्र देवांगन |
| 70. | संतरविदास वार्ड | देवेन्द्र कुमार साहू |

जिन चार वार्डों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की गई है उन वार्डों से आज तीन-तीन, चार-चार दावेदारों को नामांकन फार्म भरवा दिया गया है। कल प्रत्याशियों की घोषणा कर बी-फार्म जारी कर दिया जाएगा। तथा बाकी दावेदारों को नाम वापस लेने कहा जाएगा।

# पूर्व आरबीआई गवर्नर ने कर कटौती पर जताई आपत्ति

**मुम्बई, 28 जनवरी।** भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने केंद्रीय बजट 2025 में मांग को बढ़ावा देने के लिए अल्पकालिक समाधान के रूप में कर कटौती का सहारा लेने के खिलाफचेतावनी दी. इसके साथ ही दोहराया कि शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और रोजगार सृजन में निवेश को दीर्घकालिक आर्थिक विकास के लिए आधार बनाने के लिए लक्षित रूप से किया जाना चाहिए. राजन ने संयुक्त केंद्रीय और राज्य घाटे का जिक्र करते हुए कहा कि देश की राजकोषीय स्थिति उतनी अच्छी नहीं है, साथ ही चेतावनी दी कि अनियंत्रित खर्च से अस्थिर ऋण स्तर हो जाएगा।

राजन ने राजकोषीय अनुशासन का आह्वान करते हुए कहा कि कर कटौती, आकर्षक होते हुए भी, बहुत सीमित राजकोषीय स्थान के साथ इसे समझाना मुश्किल होगा. उन्होंने कहा, यह वास्तव में इस स्तर पर करों में कटौती के बारे में नहीं है. यह हर स्तर पर हमारी मानव पूंजी की गुणवत्ता बढ़ाने के बारे में है, जो हमें भविष्य की नई अर्थव्यवस्था में एक मौका देगा।

राजन ने कहा कि एक मुद्दा जो



बढ़ रहा है, वह है मध्यम और उच्च-मध्यम आय समूहों में धीमी खपत का. आर्थिक अनिश्चितता ने सावधानीपूर्वक खर्च करने को प्रेरित किया है, ऐसे में लोग बुनियादी सवाल पूछ रहे हैं कि क्या हमारे पास उचित नौकरियां हैं? क्या हमारे बच्चे अच्छी तरह से रोजगार पा रहे हैं? क्या हम भविष्य के बारे में इतना आश्वस्त हैं कि खर्च कर सकें?

राजन ने माना कि बुनियादी ढांचे में निवेश के पक्ष में सरकारी प्रयास वास्तव में विकास को बढ़ावा दे सकते हैं, उन्होंने सभी को याद दिलाया कि ÷यह प्रणालीगत मुद्दों की जगह नहीं ले सकता.÷ ÷शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और बेहतर गुणवत्ता वाली विश्वविद्यालय प्रणाली अधिक उत्पादक कार्यबल उत्पन्न करेगी और सतत विकास को जन्म देगी, इसके लिए उन्होंने निजी क्षेत्र के निवेश का प्रस्ताव दिया।

### रायपुर से जबलपुर के लिए चलेगी वंदेभारत ट्रेन

**रायपुर, 28 जनवरी।** छत्तीसगढ़ से मध्यप्रदेश का सफर करने वाले यात्रियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। सूत्रों के मुताबिक, रेलवे जल्द ही रायपुर से जबलपुर तक वंदेभारत ट्रेन की शुरुआत करने जा रहा है, जो रायपुर वाया गोंदिया जबलपुर तक चलेगी। बता दें कि हाल ही में जबलपुर-गोंदिया ब्रॉडगेज लाइन बनाई गई है, अगर रेलवे से मंजूरी मिलती है तो यह ट्रेन 7 घंटे में करीब 410 किमी का सफर तय कर यात्रियों को रायपुर से जबलपुर पहुंचा देगी। सूत्रों के मुताबिक, रेलवे बोर्ड द्वारा पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय से इस रूट पर ट्रेन चलाने का शेड्यूल मांगा गया। आनन-फानन में पमरे मुख्यालय से भी जबलपुर से ट्रेन के चलने से लेकर आगे तक का सफर तय करने का शेड्यूल बनाकर रेलवे बोर्ड को भेज दिया गया है। अभी इस रूट पर कोई एक्सप्रेस ट्रेन न होने से लोगों को अमरकंटक एक्सप्रेस का सहारा लेना पड़ रहा है जो कटनी होते हुए जाती है। वंदेभारत ट्रेन के शुरू होने से रायपुर-जबलपुर के अलावा डोंगरगढ़, गोंदिया, बालाघाट, नैनपुर, घंसौर के आसपास के क्षेत्रों के लोगों को लाभ मिलेगा। रायपुर से जबलपुर के लिए यह वंदे भारत एक्सप्रेस सोमवार से शुक्रवार तक संचालित होगी।






# महाकुंभ में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

## मौनी अमावस्या पर 8 से 10 करोड़ श्रद्धालु पहुंचने के अनुमान



**प्रयागराज, 28 जनवरी।** महाकुंभ 2025 का भव्य शुभारंभ हो गया है। देश और दुनिया के कोने-कोने से लाखों श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला जारी है। महाकुंभ में श्रद्धालुओं के लिए खास ख्याल रखा जा रहा है। रहने खाने से लेकर ठहरने की विशेष सुविधा उपलब्ध कराई गई है। सुरक्षा को लेकर भी पुख्ता इंतजाम किए गए है और चप्पे चप्पे पर पुलिस बल तैनात किया गया है। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए चार क्यूआर कोड भी जारी किए गए है। जिसे स्कैन करते ही मेला संबंधित सारी जानकारियां मोबाइल स्क्रीन में मिल जाएगी।

प्रयागराज महाकुंभ में डुबकी लगाने वालों श्रद्धालुओं का आंकड़ा 15 करोड़ के पार पहुंच गया है। 17 दिनों में 15 करोड़ से ज्यादा लोग कुंभ स्नान कर चुके हैं, जो कि कुंभ मेले का अब तक का रिकॉर्ड है। महाकुंभ के पहले दिन एक करोड़ लोगों ने संगम में डुबकी लगाई थी। मकर संक्रांति के दिन 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया था। 26 जनवरी के मौके पर भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और डेढ़ करोड़ से ज्यादा लोगों ने त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई। मौनी अमावस्या के मौके पर दूसरा शाही स्नान किया जाएगा। इस अवसर पर लगभग 8 से 10 करोड़ लोग संगम में शाही स्नान करेंगे।

## एक नजर

### जिला पंचायत चुनाव लड़ने वालों को टिकट का इंतजार ,गांवों का कर रहे है दौरा

**कवर्धा, 28 जनवरी।** कबीरधाम जिले में जिला पंचायत दस ओर ग्यारह में भाजपा से बहुत सारे प्रत्याशियों के होने के कारण चर्चा का विषय बना हुआ है की पार्टी किसे टिकट देगी लोगो की राय अब अलग अलग दिख रही है और कांग्रेस में कम दावेदार होने के कारण भी लोगों की राय बंटी हुई दिख रही है । नगरीय निकाय चुनाव में बीजेपी ओर कांग्रेस ने भारी मंथन के बाद प्रत्याशियों को टिकट दिया है वैसे ही उम्मीद की जा रही है ओर कार्यकर्ताओं ओर लोगो को आस है कि अच्छे प्रत्याशी को पार्टी टिकट देगी और निर्दलीय प्रत्याशी का खतरा कम होगा लेकिन जिला पंचायत चुनाव ओर नगरीय निकाय चुनाव में कुछ निर्दलीय भी जीतकर आते है यह भी देखा गया है । मुद्दों में खासकर प्रत्याशी की छबि देखा जाता है जिसकी सुगबुगाहट होती है । जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में चुनावी प्रकिया बेहतर ढंग से हो रही है जिसकी तारीफ की जा सकती है ।

### जिला पंचायत सदस्य के 13 नाम निर्देशन पत्र पहले दिन बिके



**कवर्धा, 28 जनवरी।** जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के दिशा निर्देश और रिटर्निंग ऑफिसर जिला सीईओ अजय कुमार त्रिपाठी के मार्गदर्शन में निर्वाचन प्रकिया अच्छे ढंग से चल रही है । प्रथम दिन में तेरह जिला पंचायत सदस्य नाम निर्देशन पत्र बिकी है और कलेक्टर कार्यालय में स्वच्छता बहुत सुंदर दिखी। समाचार लिखे जाने तक दूसरे दिन भी कलेक्टर कार्यालय में भीड़ दिखी । नगरीय निकाय चुनाव भी होने के कारण कलेक्टर कार्यालय में भारी भीड़ दिखी ।

### प्रधानमंत्री ग्राम सड़क विभाग आफिस में शान से लहराया तिरंगा



**कवर्धा, 28 जनवरी।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क विभाग कार्यालय में कार्यपालन अभियंता एस के ठाकुर ने फहराया तिरंगा और ध्वजारोहण कार्यक्रम में सहायक अभियंता एस के गुप्ता , सहायक अभियंता सौरभ देशमुख , सहायक अभियंता एन एस निकुंज ,उप अभियंता नरेंद्र राव गणवीर , उप अभियंता अश्विनी ठाकुर , उप अभियंता सागर यादव , उप अभियंता जे रीतेश नायडू , उप अभियंता गौरव त्यागी , परमानंद गुप्ता , गीत गुप्ता प्रशांत सिंह ठाकुर , नेहा तिवारी , भूमिका , सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे । अधिकारी कर्मचारी ने एक दूसरे को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई दी ।

### लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में गणतंत्र दिवस मनाया गया



**कवर्धा, 28 जनवरी।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता दिलीप सिंह राजपूत ने ध्वजारोहण किया । एकाउंट आफिसर अभिषेक , एस डी ओ विशाल नेताम , बड़े बाबू पी डी जांगड़े , केमिस्ट गुलशन शर्मा , भूमि कुंभकार और समस्त स्टाफ उपस्थित रहे । सभी अधिकारी कर्मचारियों ने एक दूसरे को गणतंत्र दिवस की बधाई ।

### अध्यक्ष, पार्षद भरेंगे नामांकन

**उतई, 28 जनवरी।** नगर पंचायत पाटन के अध्यक्ष प्रत्याशी श्री योगेश निक्की भाले एवं सभी 15 वार्डो के पार्षद प्रत्याशी दिनांक - 28 जनवरी दिन - मंगलवार समय - दोपहर 12 बजे स्थान - योगेश निक्की भाले निवास माँ महामाया मंदिर रोड, पाटन (एकत्रीकरण) होने के बाद नामांकन पत्र दाखिल करेंगे इस अवसर पर मुख्य रूप से दुर्ग लोकसभा सांसद मान. श्री विजय बघेल जी,जिला प्रभारी मान. श्री राजीव अग्रवाल जी,जिला अध्यक्ष मान. श्री सुरेंद्र कौशिक जी,निवर्तमान जिलाध्यक्ष मान. श्री जितेन्द्र वर्मा जी,चुनाव प्रभारी मान. श्री दिलीप साहू जी,पाटन मण्डल अध्यक्ष मान. श्रीमती रानी बंछोर जी,निवर्तमान मण्डल अध्यक्ष मान. श्री खेमलाल साहू जी की गरियामयी उपस्थिति रहेंगे।



### मूर्तिकार अंकुश का किया गया सम्मान



**भिलाई, 28 जनवरी।** निर्मल ज्ञान मंदिर नेहरू नगर में सुप्रसिद्ध मूर्तिकार अंकुश देवांगन का सम्मान किया गया। जहां डाक्टर नीलकंठ देवांगन द्वारा रचित छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक पर्व तिहार बार नामक पुस्तक का विमोचन किया गया था।

# राष्ट्रपति के न्यौता पर कबीरधाम जिले के बैगा परिवार गणतन्त्र दिवस समारोह में शामिल हुए

- राष्ट्रपति महामहिम द्रौपति मुर्मू ने सभी का अभिनंदन किया

- तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 27 जनवरी ।** छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले के लिए 76वां गणतंत्र दिवस एक ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण अवसर लेकर आया। जिले के बैगा बाहुल्य कुकदूर तहसील क्षेत्र के कांदावानी और तेलियापानी गांव के छह बैगा सदस्यों और ग्राम पंचायत कोटरा बुंदेली को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया।

महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय के छह सदस्यों और ग्राम पंचायत कोटरा बुंदेली को 26 जनवरी 2025 को सम्मानित किया। विशेष आमंत्रण पर दिल्ली पहुँचे इन परिवारों में ग्राम पंचायत कांदावानी के आश्रित ग्राम पटपरी की श्रीमती जगतिन बाई बैगा और उनके पति फूल सिंह बैगा, ग्राम तेलियापानी की श्रीमती तीतरी बाई बैगा और पति बुध सिंह बैगा, तथा ग्राम तेलियापानी की ही श्रीमती बाली



बाई बैगा और पति सोनू राम बैगा शामिल थे।

कबीरधाम जिले के विशेष पिछडी जनजाति बैगा परिवार के सदस्यों ने दिल्ली में देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय रक्षामंत्री श्री राजनाथ सिंह,सहित अन्य केंद्रीय मंत्रियों से भेंट की और उनके साथ संयुक्त फ़ोटो ग्राफ़ी की। श्रीमती जगतिन बाई बैगा ने राष्ट्रपति से विशेष चर्चा करते हुए अपने गांव की प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जनमन योजना के माध्यम से उनके गांव में पहली बार सौर ऊर्जा से बिजली पहुंची, जिससे उनका जीवन बदल गया।

#### सौर ऊर्जा से बदली जिंदगी

2024 की दीपावली से पहले इन बैगा परिवारों के घरों में अंधेरा था। जिला प्रशासन द्वारा क्रेडा विभाग को निर्देश दिया गया कि ग्राम पटपरी के सभी 25 घरों को सौर ऊर्जा संयंत्र से विद्युतीकृत किया जाए। दीपावली के पहले ही इन घरों में 300 वॉट के सोलर होम लाइटिंग सिस्टम लगाए गए, जिससे पहली बार इन परिवारों ने रात में रोशनी देखी।

#### हर घर जल योजना में कोटरा बुंदेली की उपलब्धि

गणतंत्र दिवस के अवसर पर कबीरधाम जिले की ग्राम पंचायत कोटरा बुंदेली को जल जीवन मिशन के तहत ÷हर घर जल÷ योजना में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया गया। ग्राम पंचायत की जल एवं स्वच्छता समिति की अध्यक्ष के नेतृत्व में पंचायत ने जलापूर्ति को घर-घर तक सुनिश्चित किया।63.80 लाख रूपए की लागत से लागू इस योजना के तहत 141 परिवारों को स्वच्छ पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई गई। 40 किलोलीटर क्षमता के जलाशय का निर्माण कर जल संकट का समाधान किया गया, जिससे ग्राम पंचायत जल समृद्धि की मिसाल बन गई।

#### खुशी और गर्व का माहौल

श्रीमती जगतिन बाई बैगा ने भावुक होकर कहा कि यह सपना सच होने जैसा है। पहले हमारे गांव में अंधेरा था, लेकिन अब सौर ऊर्जा से रोशनी आई है। राष्ट्रपति से मिलना हमारे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान है।

## डॉ.मेरीली की कृति साहित्य स्पर्श पुरस्कार से सम्मानित




**भिलाई, 28 जनवरी।** वैशाली नगर कॉलेज की अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. मेरीली रॉय को उनके संस्मरण उपन्यास रीविजिटिंग टाइम टू फाइंड डैड के लिए परिवार और रिश्तों वर्ग में सर्वश्रेष्ठ उपन्यास की श्रेणी में प्रतिष्ठित साहित्य स्पर्श पुरस्कार से सम्मानित किया गया है किया गया है । इस उपन्यास को किंडल संस्करण में अमेज़न बेस्टसेलर होने का गौरव भी प्राप्त हुआ। उपन्यास एक पिता के अपने बच्चों, खास तौर पर बेटी के साथ संबंधों पर आधारित है। एक पिता जीवित रहते हुए अपनी बेटी के लिए किस तरह स्तम्भ की तरह खड़े होकर एक प्रेरक और मार्गदर्शक की भूमिका का निर्वाह करता है और मृत्यु के बाद भी वह उसे निरंतर प्रेरित करते हुए पितृत्व का जश्न मनाता है। उल्लेखनीय है कि डॉ. मेरीली राय का पूर्व में डिवाइन रिलेशन नामक काव्य संग्रह प्रकाशित हो चुका है जिसे समालोचकों और पाठकों ने सराहा है । संकलन की चंद कविताएं हिन्दी में अनूदित हैं । आगामी माह नई दिल्ली में आयोजित विश्व पुस्तक मेला में लेखिका डॉ. मेरीली रॉय की कृतियाँ प्रदर्शित होंगी।

## ज्यादा लाभ का झांसा देकर बुजुर्ग से 44 लाख की ठगी

**भिलाई, 28 जनवरी।** भिलाई शेयर मार्केट में निवेश करने पर ज्यादा लाभदेने के झांसा देकर सूर्या अपार्टमेंट माडल टाउन निवासी 64 वर्षीय बुजुर्ग बिजन कुमार भट्ट से 44 लाख 18 हजार रुपये की ठगी की गई है आरोपितों ने पीड़ित से अलग-अलग खातों में रुपये जमा करवाकर ठगी की है घटना की शिकायत पर सुपेला पुलिस ने अज्ञात आरोपितों के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा के तहत प्राथमिकी कर जांच शुरू की है सुपेला टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि आरोपितों ने 24 नवंबर 2024 से लेकर 22 जनवरी 2025 के बीच ठगी की है सबसे पहले किसी साक्षी जासयवाल नाम की महिला ने पीड़ित को फोन किया था और खुद को एड्ज आर्ग कंपनी का कर्मचारी बताकर शेयर ट्रेडिंग के बारे में जानकारी दी इसके बाद एफएक्सरोड डाट काम नाम की कंपनी के संदीप नाम के कर्मचारी ने भी पीड़ित को फोन किया दोनों आरोपितों ने पीड़ित से कहा कि यदि वो उनकी कंपनी के माध्यम से शेयर ट्रेडिंग करते हैं तो बहुत ही कम समय में उनकी राशि दोगुनी हो जाएगी आरोपितों ने झांसे में आकर पीड़ित ने आरोपितों द्वारा बताए गए खातों में अलग-अलग समय पर कुल 44 लाख 18 हजार रुपये जमा कर दिए। पीड़ित ने जिन खातों में रुपये जमा किए वे गोरेगांव (ईस्ट) महाराष्ट्र, आसनसोल पश्चिम बंगाल, इंदौर मध्यप्रदेश अलवर राजस्थान के थे कुछ समय बाद पीड़ित को रुपयों की जरूरत पड़ी तो उसने अपनी आइडी से रुपये निकालने का प्रयास किया तो रुपये निकालने के एवज में उसे कुछ और रुपये जमा करने के लिए कहा गया। पीड़ित ने कुछ और रुपये जमा किए, लेकिन उसके बाद भी उसके वालेट से रुपये नहीं निकले तो उसे संदेह हुआ इसके बाद उसने सुपेला पुलिस थाने में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई



### दीपशिखा स्कूल में मनाया गया गणतंत्र दिवस

**उतई, 28 जनवरी।** दीपशिखा विद्यालय डुमरडीह, उतई में 76वीं गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया । दीपशिखा शिक्षण समिति के सचिव डी एल सिन्हा, प्राचार्य के आर सिन्हा, पालक शिक्षक समिति के सदस्य सूरज कुमार यादव , प्रेमीस यदु ,श्रीमती तुलसी देवांगन, श्रीमती झरना हिरवानी ,घनश्याम चंद्राकर, उत्तम कुमार साहू प्रधान पाठक एन के चंद्राकर, उप्राचार्य श्रीमती शांता सोनवानी, श्रीमती अनीता अहीर, इंग्लिश मीडियम इंचार्ज शरणजीत कौर उप प्रधान पाठक एस आर सेन उपस्थित थे । अतिथियों ने मां सरस्वती के मंदिर में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, तत्पश्चात ध्वजारोहण किया गया । स्काउट गाइड के छात्र-छात्राओं ने सलामी दी ।

## नगर निगम में 22 अनुकंपा नियुक्त कर्मचारियों को दी गई पहली ट्रेनिंग



**भिलाई, 28 जनवरी।** नगर पालिक निगम भिलाई में 22 नये कर्मचारियो को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की गई है। ये वे कर्मचारी है, जिनके पिता/माता या सगे संबंधी निगम भिलाई में नियमित कर्मचारी थे। उनके परिवार के भरण-भोषण के लिए छत्तीसढ़ शासन द्वारा उन कर्मचारियो के आश्रितो को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने की स्वीकृति प्रदान की गई। मान. मुख्यमंत्री जी द्वारा उन्हे अपने हाथो से नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। वर्तमान में कर्मचारियों की आवश्यकता को देखते हुए उन्हे विभिन्न विभागो में पदस्थ किया जायेगा। आज स्थापना अधीक्षक रीता चतुर्वेदी द्वारा सभी कर्मचारियों को लेकर विभागों में जाकर सभी से परिचय कराया गया। आयुक्त राजीव कुमार पांडेय के निर्देश पर संबंधित कर्मचारियों को पहले विभागीय ट्रेनिंग दी जा रही है। जिससे उन्हे पता चल सके नगर निगम भिलाई में क्या-क्या कार्य होता है। कौन-कौन से विभाग है, किस प्रकार से दायित्वों का निर्वहन किया जाता है। इससे उनका कार्य के प्रति मनोबल बढ़ेगा, वास्तविकता का ज्ञात होगा। इसके पूर्व अनुकंपा नियुक्ति में नियुक्त कर्मचारियों को सीधे विभागो में पदस्थ करने का परंपरा रहा है। विभाग में ही विभाग से संबंधित जानकारी मिलती थी। इससे अन्य विभागों के बारे में अनभिज्ञ रहते थे। अभी उन्हें संपत्ति कर, राजस्व, सामान्य प्रशासन, स्वास्थ्य, डाटा सेंटर, लेखा विभाग, जोन कार्यालय, प्रधानमंत्री आवास योजना, काउंटर, लोक सेवा गारंटी आदि से संबंधित विभागीय अधिकारियो द्वारा प्रदान किया जा रहा है।

### एसपीएसबी क्रिकेट चैंपियनशिप के लिए चयन स्पर्धा का आयोजन

**भिलाई, 28 जनवरी।** बोकारो स्टील प्लांट द्वारा बोकारो में 11 से 15 फरवरी तक एस.पी.एस.बी. अंतर इस्पात संयंत्र क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इस एस.पी.एस.बी. अंतर इस्पात संयंत्र क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये बीएसपी क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड, इंदिरा प्लेस, भिलाई में 29 जनवरी 2025 को दोपहर 2ः30 बजे से बीएसपी टीम के चयन हेतु चयन स्पर्धा आयोजित की गई है। भिलाई इस्पात संयंत्र के पुरुष कार्मिक, उनके वार्ड एवं भिलाई नगर परिधीय क्षेत्र के बेरोजगार युवा खिलाड़ी इस चयन स्पर्धा में भाग ले सकते हैं। अतः जिन खिलाड़ियों को चयन स्पर्धा में भाग लेना है, वे अपना पंजीयन 29 जनवरी 2025 को दोपहर 2ः00 बजे तक उपरोक्त मैदान में चयनकर्ताओं देवेश बनर्जी और व्ही मोहन दास के पास करा सकते हैं।

### सुरक्षा ड्राइंग एवं पेंटिंग स्पर्धा के विजेता पुरस्कृत



**भिलाई, 28 जनवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा आयोजित तात्कालिक सुरक्षा ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता के चयनित ड्राइंग और पेंटिंग की प्रदर्शनी का आयोजन 25 से 30 जनवरी तक नेहरू आर्ट गैलरी, इंदिरा प्लेस में किया गया है। प्रदर्शनी का उद्घाटन 25 जनवरी को संध्याकाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कार्यपालक निदेशक ए के चक्रवर्ती ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक बी के गिरी, कार्यपालक निदेशक डॉ एम रविन्द्रनाथ, कार्यकारी कार्यपालक निदेशक अरूण कुमार, मुख्य महाप्रबंधक डी एल मोइत्रा, मुख्य महाप्रबंधक डी सतपथी, महाप्रबंधक प्रभारी एस के अग्रवाल, महाप्रबंधक जे तुलसीदासन, महाप्रबंधक एस के महतो, महाप्रबंधक अमूल्य प्रियदर्शी, महाप्रबंधक प्रशान्त तिवारी उपस्थित थे।

### गणतंत्र दिवस पर विभिन्न श्रेणियों में 15 पुरस्कारों का वितरण



भिलाई, 28 जनवरी। शहीद वीर नारायण सिंह, जयंती स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह में, गणतंत्र दिवस के अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न श्रेणियों में कुल 15 पुरस्कारों का वितरण किया गया। यह पुरस्कार भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता द्वारा वितरित किया गया। मुकेश खटिक, आदित्य राणे, पूनक सिंह, योगिता साहू, संदेश साहू, तोमेंद्र कुमार, रंजीत कौर, मनोज कुमार मौर्या, सुधीर कुमार, सुश्री मनोरमा कुमारी, पी आर चौधरी तथा तामेश्वर साहू को सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण का संचालन सुप्रियो सेन द्वारा किया गया।

### महापौर और आयुक्त ने फहराया ध्वज



**रिसाली।** नगर पालिक निगम रिसाली की महापौर शशि सिन्हा ने मुख्य कार्यालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। वहीं आयुक्त मोनिका वर्मा ने मुख्य समारोह के पंद्रह मिनट पहले टंकी ऑफिस कार्यालय में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर महापौर ने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि आज के दिन संविधान लागू हुआ था। स्वतंत्र भारत में प्रत्येक नागरिक को उसका अधिकार मिलना चाहिए। हम सबको इसके लिए प्रयत्न करना चाहिए कि संविधान को एक बार अवश्य पढ़े। इस अवसर पर निगम सभापति केशव बंछोर, एमआईसी सनीर साहू, डॉ. सीमा साहू, ममता यादव, जहीर अब्बास, पार्षद अनूप डे, ईश्वरी साहू, जमुना ठाकुर, रमा साहू, विलास बोरकर, धर्मेन्द्र भगत, सरिता देवांगन, रेखा देवी, सविता ढवस, सारिका साहू, माया यादव आदि उपस्थित थे।

## गणतंत्र दिवस पर भिलाई में जगह-जगह लहराया तिरंगा



**भिलाई, 28 जनवरी।** नगर पालिक निगम भिलाई के सभी जोन कार्यालय में सुबह 7.30 बजे जोन आयुक्त, जोन अध्यक्ष, वार्ड के पार्षदगण, मुख्य कार्यालय में 8 बजे महापौर नीरज पाल, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, उपायुक्त नरेन्द्र कुमार बंजारे, अधीक्षण अभियंता डी.के.वर्मा, जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, येशा लहरे, सतीश यादव, अमरनाथ दुबे सहित अधिकारी/कर्मचारियों की उपस्थिति में गरिमामय ढंग से भारत माताा के तैल्यचित्र पर पुष्पांजली, ध्वजारोहण, राष्ट्रगान एवं देश भक्ति गीत गा करके मनाया गया। आयुक्त पाण्डेय ने अपने उदबोधन में कहा कि संविधान हमे वह शक्ति देता है। कि समाज का छोटा से छोटा व्यक्ति सबसे उच्च पद तक पहुंच सकता है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण हमारी महामहीम राष्ट्रपति द्रौपती मुर्मू जी है। जो आदिवासी क्षेत्र में निवासरत होते हुए गरीबी हालात में गांव में पढ़कर अपनी मेहनत लगन से देश के सर्वोच्च राष्ट्रपति पद पर विराजमान हुई है। हम सब से संबंधित नागरिको का जो भी काम हो उस पर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए मदद करें। उनके हित में नियमों में जो भी सिथिलता दी जा सकती है, उसे अवश्य दें। महापौर नीरज पाल ने गणतंत्र दिवस के उद्बोधन में कहा कि हम सब यह बहुत अच्छी पहल होगी। आज हम सब संकल्प ले कि हम सबके द्वारा नागरिकों के हित में जो भी कार्य आयेगा, उसे अवश्य करेगें। इससे स्वयं में अपार खुशी होगी, निगम के प्रति लोगों का दृष्टिकोण भी अच्छा होगा। हमें यह जानकर खुशी हुई कि आयुक्त इस प्रकार का विचार रखते है। अनावश्यक नियमों का हवाला नहीं देना है। ईश्वर के कृपा से हम सब लोग जिस पद पर भी काम कर रहे है, दूसरों की मदद करें। तत्पश्चात युनियन कार्यालय में 8:30 बजे, नेहरू नगर चौक पर 9 बजे, शहीद उद्यान में 10 बजे एवं अन्य क्षेत्रों में ध्वजारोहण किया गया। जिसमें वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल, एमआईसी सदस्य आदित्य सिंह, मालती ठाकुर, भिलाई भाजपा अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, गणमान्य नागरिकगण, स्थानीय निवासी, छात्र-छात्राएं, एनसीसी, नेवी, स्काउट गाईड के कैडेट, निगम के अधिकारी/कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

### हैवी ट्रांसपोर्ट कंपनी में इंद्रजीत सिंह ने किया ध्वजारोहण



**भिलाई ।** देश के 76 वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य पर हैवी ट्रांसपोर्ट कंपनी के ट्रांसपोर्ट नगर हथखोज स्थित मुख्य कार्यालय, भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के खुर्सीपार स्थित कार्यालय एवं श्री बीरा सिंह हॉस्पिटल पावर हाउस में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। समाजसेवी इन्द्रजीत सिंह छोटू ने राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। उपस्थित जनसमूह को मिष्ठान वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से इंद्रजीत सिंह छोटू, मलकीत सिंह लल्लू, प्रभुनाथ मिश्रा, अनिल चौधरी, महेंद्र सिंह पप्पी, जोगा राव, निर्मल सिंह, जितेंद्र सुकुमार, बलजिंदर सिंह, सुधीर ठाकुर, रामधानी यादव, सोम सिंह गोनी, पीताम्बर साहू, हैवी ट्रांसपोर्ट कंपनी के कर्मचारी, एसोसिएशन के कार्यकर्ता पदाधिकारी सदस्य, हॉस्पिटल स्टॉफ, डॉक्टर्स एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### गोकुल नगर में शान से लहराया तिरंगा



गोकुल नगर कुरुद जोगी किराना स्टोर के पास आयोजित गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि पप्पू यादव, मुनेश मिश्रा, दिलावर यादव, जोगी भईया, शम्भू, प्रशांत पांडेय, रामु राव, धीरज गुप्ता, अविनाश गुप्ता, अधिवक्ता तारक गुप्ता एवं क्षेत्र की महिलाये, वरिष्ठ नागरिक, छोटे बच्चे इत्यादि लोग उपस्थिति थे।

### हाईस्कूल झाड़मोखली में मनाया गया गणतंत्र पर्व



शासकीय हाई स्कूल झाड़मोखली में ध्वजारोहण प्रिंसिपल अनुपम घोष ने किया। इस अवसर पर स्कूल की छात्राओं तिलेश्वरी, संध्या, उपासना, भूमिका, विनीता, कंचन, चित्रकांक्षी नारायणी, दामिनी, हेमा यादव, साक्षी, पीहू, चेतना यादव, केसर, यामिनी, जागृति, जिज्ञासा, गीतांजलि, रेणुका, अनामिका, भौमिका, लाकेश, झामिन, वीणा, कश्ती, बबली, माही, धनराज, आर्यन एवं साथियों ने कर्मा, देशभक्ति गीत नृत्य, राउत नृत्य, होली नृत्य एवं खड़े साज का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर रविकांत कोसले, विष्णु कौशिक, लोमस निर्मलकर ,प्रधान पाठक जंत्री कपूर, नंदकुमार साहू प्रधान पाठक केशव वर्मा, जैकी वर्मा, ठाकुर मैडम, सत्यनारायण वर्मा, भारत विशाल वर्मा, राधे कृष्ण यदु, गोकुल वर्मा आदि के अलावा बड़ी संख्या में नागरिक गण उपस्थित थे।

संचालन व्याख्याता संस्कृत डॉक्टर सत्यभामा देशमुख ने किया एवं आभार व्यक्त रामकृष्ण ताम्रकार ने किया।



**भिलाई।** महापौर प्रत्याशी का नामांकन भाजपा



**बीजापुर।** बीजापुर नगरपालिका अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस प्रत्याशी सुनीता जितेंद्र हेमला ने जमा किया नामांकन पत्र।


समस्त देशवासियों एवं प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
खंड शिक्षा अधिकारी,कांकेर
(जिला-उ.ब.कांकेर- छ.ग.)


समस्त देशवासियों एवं प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
वन परिक्षेत्र अधिकारी-नरहरपुर
जिला-उ.ब.कांकेर (छ.ग.)


समस्त देशवासियों एवं प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
जिला शिक्षा अधिकारी,कांकेर
(जिला-उ.ब.कांकेर- छ.ग.)


समस्त देशवासियों एवं प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
वन मंडलाधिकारी
पश्चिम-वन मंडल
कांकेर (जिला-उ.ब.कांकेर- छ.ग.)


समस्त देशवासियों एवं प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
खंड चिकित्सा अधिकारी,अंतागढ़
(जिला-उ.ब.कांकेर- छ.ग.)


समस्त देशवासियों एवं प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
वन मंडलाधिकारी
वनमंडल-कांकेर
(जिला-उ.ब.कांकेर- छ.ग.)


गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
सत्यमेव जयते
छत्तीसगढ़ पुलिस
2000
परित्राणाय साधुनाम्
विनीत
जिला पुलिस,उत्तर बस्तर कांकेर (छत्तीसगढ़)

## संपादकीय

# कभी कभी हिंसा भी जरूरी होती है

संसार में सब दो है, रात है तो दिन है, सच है तो झूठ है,अच्छा है तो बुरा है, प्रकाश है तो अंधकार है।एक के होने पर ही दूसरे का पता चलता है, इसलिए एक के होने पर दूसरे का होना भी जरूरी है नहीं तो एक का अस्तित्व भी नहीं रहता है। सच है तो उसका विपरीत भी है।झूठ के कारण सच का पता चलता है, सच का पता चलता है तो यह भी पता चलता है कि झूठ क्या है। मनुष्य जीवन के लिए दोनों जरूरी है। अंधकार के कारण प्रकाश का पता चलता है, या प्रकाश के न होने पर ही अंधकार का पता चलता है। प्रकाश के लिए अंधकार और अंधकार के लिए प्रकाश को होना जरूरी है। हिंसा हो तो ही अहिंसा का पता चलता है।हिंसा होने पर पता चलता है कि अहिंसा क्यों जरूरी है। अहिंसा है तो पता चलता है कि हिंसा क्यों जरूरी है। मनुष्य के लिए दोनों जरूरी है, हिंसा भी जरूरी है और अहिंसा भी जरूरी है। हिंदू संस्कृति में इसीलिए एक को जरूरी नहीं बताया गया है, दोनों को जरूरी बताया गया है। कहा गया है कि अहिंसा परमो धर्मः,धर्म हिंसा तथैव च।मनुष्य के लिए दोनों उपयोगी है। क्योंकि मनुष्य के जीवन में कई बार ऐसे अवसर आते हैं जब उसे अपनी रक्षा के लिए, अपनी परिवार की रक्षा के लिए, धर्म की रक्षा के लिए, देश व समाज की रक्षा के लिए हिंसा करना पड़ता है। तो इस तरह की हिंसा को हिंदू संस्कृति में बुरा नहीं जरूरी माना जाता है। क्योंकि इस सृष्टि में अपनी प्राण रक्षा करना धर्म है, हर प्राणी अपनी रक्षा के लिए लड़ता है, हिंसा करता है, यह हिंसा जरूरी है क्योंकि रक्षा करना जरूरी है। लेकिन हिंसा तब ठीक नहीं मानी जाती है जब किसी के पास ताकत है तो वह उसका उपयोग कमजोर को डराने के लिए करता है। जहां अपनी रक्षा का सवाल नहीं है, वहां दूसरे को परेशान के लिए, दूसरे को दबाने लिए, दूसरे के देश,धन संपत्ति, स्त्री पर कब्जा करने के लिए हिंसा की जाती है तो उसे बुरा माना जाता है। दूसरे शब्दों में कहा जाए तो शक्ति का सदुपयोग भी किया जा सकता है और शक्ति का दुरुपयोग भी किया जाता है। बुरे वक्त में शक्ति का सदुपयोग करना अपनी रक्षा के लिए हिंसा करना है। और बुरा वक्त नहीं है तो भी अपनी शक्ति का दुरुपयोग दूसरे को परेशान के लिए करना हिंसा है। आदमी शक्ति होने पर ही हिंसा करता है। इसलिए मनुष्य समाज में यह विचार पैदा हुआ कि आदमी को सामान्य समय में शक्ति का सदुपयोग होना चाहिए, सबके पास शक्ति होने पर भी सबको शांति से रहना चाहिए। शक्ति कई तरह की होती है, अकेले मनुष्य की शक्ति,परिवार की शक्ति, समाज की शक्ति, देश की शक्ति। जितना बड़ा समूह होता है,उतनी बड़ी शक्ति होती है। जितनी बड़ी शक्ति होती है,उसके दुरुपयोग की उतनी ही बड़ी आशंका होती है। जब एक आदमी दूसरे आदमी से लड़ता है तो एक आदमी मारा जाता है, जब परिवार आपस में लड़ते हैं, समाज आपस में लड़ते हैं ज्यादा लोगों को नुकसान होता है। जब देश आपस में लड़ते हैं तो लाखों लोग मारे जाते है, बेहिसाब देश को नुकसान होता है। दोनों देश जो लड़ रहे हैं वह कह सकते हैं कि हम अपने देश की रक्षा के लिए लड़ रहे हैं। लेकिन परिणाम क्या होता है, दोनों देश में विनाश। इसलिए कहा जाता है कि मनुष्य हो कि देश हो उसको युध्द से बचना चाहिए। दुनिया के देशों को संसार में युध्द ही न हो, इसके लिए प्रयास करना चाहिए। दोनों देशों के बीच बातचीत होनी चाहिए। कभी कभी लड़ना जरूरी हो जाता है जैसे हमास ने इजराइल पर हमला किया तो यह हमास ने अपनी रक्षा के लिए नहीं किया था, उसने इजराइल को नुकसान पहुंचाने के लिए किया था, इजराइल के लोगों को मारने के लिए किया था। तो इजराइल ने जो किया वह अपनी रक्षा के लिए किया। उसने हमास को खत्म करने के लिए जो हिंसा की, उसने अपनी रक्षा के लिए की। यहां पर हमास की हिंसा को गलत माना जाएगा और इजराइल की हिंसा को सही माना जाएगा। इसी तरह पुतिन व यूक्रेन के बीच जो युध्द चल रहाहै, उसमें रूस ने जो हिंसा की है वह गलत है, क्योंकि उसने यूक्रेन की जमीन पर कब्जा करने के लिए हमला किया, यूक्रेन के रूस का कहना न मानने पर हमला किया।यह तो शक्तिशाली का कमजोर को दबाना है। मैं शक्तिशाली हूं तो तुमको मेरा कहना मानना होगा। इस तरह की हिंसा को गलत माना जाता है।राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पूर्व सरकार्यवाह वर्तमान में राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य भैयाजी जोशी ने गुजरात विवि परिसर में हिंदू आध्यात्मिक व सेवा मेला के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि अहिंसा के विचार की रक्षा के लिए कभी कभी हिंसा भी जरूरी होती है। भारत तो सभी को साथ लेकर शांति के मार्ग पर चलना चाहता है। लेकिन जब बात धर्म रक्षा की आती है तो अपने धर्म की रक्षा के लिए हमें वे काम भी करने पड़ते हैं जिन्हें कुछ लोग अधर्म कहते हैं। ऐसे काम धर्म रक्षा के लिए हमारे पूर्वजों ने किए थे। उन्होंने महाभारत का उदाहरण देते हुए कहा कि पांडवों ने अधर्म को खत्म करने के लिए युध्द के नियमों को ताक पर रख दिया था।यह सच है कि हिंदू धर्म में अहिंसा का विचार है।कभी कभी इस विचार की रक्षा के लिए भी हिंसा का सहारा लेना पड़ता है। अगर अहिंसा के विचार की रक्षा के लिए हिंसा नहीं की जाएगी तो अहिंसा का विचार करने वाले लोग ही नहीं बचेंगे। भैयाजी जोशी सच कह रहे हैं लेकिन बहुत सारे लोग जो अहिंसा के पक्षधर है, जो महात्मा गांधी की तरह अहिंसा पर ही भरोसा करते हैं,वे इसका विरोध करेंगे और कहेंगे कि संघ देश में नफरत फैलाता है, देश व समाज को बांटने का पक्षधर है, वह देश के लोगों को अब हिंसा के लिए उकसा रहा है। धर्म के नाम पर देश के लोगों को बहका रहा है कि हिंसा बुरी बात नहीं जब वह धर्म की रक्षा के लिए की जाती है।देश के लोगों का समझने की जरूरत है कि जबतक दुनिया में या देश में हमास जैसे संगठन है, हमास जैसी मानसिकता रखने वाले लोग किसी देश व समाज में है तो उनसे लड़ना और उनको समाप्त करना धर्म है, अधर्म नहीं है। यह हिंसा है लेकिन अपनी रक्षा व देश की रक्षा के लिए जरूरी है। ऐसे वक्त में जब कोई आतंकवादी संगठन किसी देश पर हमला करता है तो कोई भी अहिंसा का पक्षधर नहीं हो सकता। कोई देश किसी देश पर पहले हमला कर दे तो कोई देश अहिंसा परम धर्म कहकर अपनी रक्षा नहीं कर सकता है, अपने देश, अपने धर्म की रक्षा के लिए तो लड़ना पड़ता है, हिंसा करनी पड़ती है.दुश्मन को, अधर्म करने वाले को मारना पड़ता है। मारने पर ही देश व दुनिया में धर्म बचा रह सकता है तो मारना जरूरी समझा जाना चाहिए।

चिंतन

तनवीर जाफरी

# 'सनकी नेतृत्व मानवता के लिये खतरा



कहा तो यही जाता है कि पृथ्वी पर पाये जाने वाले सभी प्राणियों में प्रकृति ने सर्वोत्तम प्राणी के रूप में केवल मानव की ही उत्पत्ति की है। प्रवचन,सत्संग,धर्म व अध्यात्म की बातें,अच्छी बुराई के भेद, करुणा,प्रेम,दया क्षमा, परमार्थ, परोपकार, सेवा-सत्कार जैसी बातें केवल मानव के मुंह से ही निकलती सुनाई देती हैं। यह मानव ही है जो कि विपदा के समय एक दूसरे का साथ देता है। गरीब,असहाय,भूखे,प्यासे,कमजोर अबला की मदद करने को आतुर रहता है। परन्तु सहस्त्राब्दियों से लिखा जाने वाला इतिहास यहाँ तक कि इतिहास लेखन से पूर्व की पौराणिक कथाओं से भी यही पता चलता है कि इन्हीं मानव में हर दौर में अनेक सनकी शासक भी पैदा हुये। अनेक शासक ऐसे हुये जिन्होंने स्वयं को ईश्वर मनवाने तक की कोशिश की जब कि कुछ ऐसे भी हुये जो क्रूरता की सभी हदों को पार कर गये। परन्तु उसका नतीजा यही है कि आज इतिहास उन बदनाम शुदा सनकी शासकों को या तो सनकी शासकों की सूची में रखता है या तानाशाहों अथवा क्रूर शासकों के रूप में उन्हें याद किया जाता है। इनमें एडोल्फ हिटलर जैसे तानाशाह भी हुये हैं जिसकी क्रूरता व तानाशाही के चलते जर्मनी के लोग आज भी अपने देश पर लगे 'हिटलर' रुपी धब्बे से शर्मिंदगी महसूस करते हैं। एक हिटलर ही नहीं बल्कि इस दुनिया ने स्टेलिन,मुसोलिनी,ईदी अमीन,किम जोंग ईल,मुअम्मार गद्दाफी,सद्दाम हुसैन,जियाउलहक जैसे अनेक शासक देखे जिन्होंने अपने सनकी व जिद्दी स्वभाव के अनुरूप शासन किया। परन्तु प्रायः उनके शासन करने का सनकी अंदाज न केवल उन शासकों व तानाशाहों की अपनी ही जान का दुश्मन बना बल्कि ऐसे कई देश बबादी व तबाही की कगार पर भी पहुँच गये और इन्हीं के गलत फैसलों के चलते लाखों बेगुनाह लोग मारे भी गये।

आजके दौर में भी दुनिया के के कई देशों पर ऐसे ही सनकी लोगों का राज है। नतीजतन दुनिया युद्ध,तनाव,संबंधों में कड़वाहट व अविश्वास,अनिश्चितता जैसे वातावरण में जी रही है। विश्व के अनेक शासक सत्ता में हमेशा बने रहने के लिये तरह तरह की युक्तियाँ इस्तेमाल कर रहे हैं। कोई संविधान बदल कर आजीवन शासन करना चाह रहा है तो कोई धर्म जाति व क्षेत्रवाद का जहर बोकर अपनी सम्प्रदायिकता व जातिवाद की फसल तैयार कर रहा है। कोई अपने देशवासियों को ऐसे सपने दिखाता है जिससे लगे कि इससे पहले तो इतना बड़ा देशभक्त तो कोई पैदा ही नहीं हुआ। हद तो यह है कुछ सनकी लोग स्वयं को भगवन का अवतार कहने से भी नहीं हिचकिचाते। परिणामस्वरूप जनसमस्याओं व देश की प्रगति के तमाम मुद्दे इसी तरह की फुजूल की भावनात्मक बातों में उलझकर रह जाते हैं।

अमेरिका के लोगों ने भी एक बार फिर 47वें राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रंप के हाथों में देश की बागडोर सौंपी है। डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति पद संभालते ही अपने पूर्ववर्ती जो बाइडन द्वारा बनाये गये करीब 80 नियम-कानूनों को निष्प्रभावी बनाने के दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए हैं। शपथ लेने के बाद जिन दस्तावेजों पर ट्रंप ने सबसे पहले हस्ताक्षर किए उनमें बढ़ते वैश्विक तापमान से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हुए अहम पेरिस जलवायु समझौते से अमेरिका के अलग होने वाले आदेश पर भी हस्ताक्षर किए हैं। इसी तरह एक विवादित फैसला ट्रंप ने यह किया है कि उन की पराजय के समय 6 जनवरी 2021 को कैपिटल हिल में जो हिंसा हुई थी ट्रंप ने उस हिंसा में नामजद अपने लगभग 1500 समर्थकों की सजा माफ करने की घोषणा कर दी। इनमें धुर-दक्षिणपंथी समूह ओथ कीपर्स और प्राउड बॉयज के सदस्य भी हैं। इनके सदस्य कैपिटल हिंसा से जुड़े केस में देशद्रोह की साज़िश जैसे मामलों के दोषी करार दे दिए गए हैं। खबर तो यह भी है कि न केवल इन अपराधियों को मुआफ किया गया है बल्कि उन लोगों पर मुकद्दमा चलने की भी खबर है जिन्होंने इन अपराधियों पर केस दर्ज किया था। इससे बड़ा सत्ता का दुरूपयोग और पक्षपातपूर्ण फैसला और क्या हो सकता है ? इसके पहले चुनाव जीतने के बाद डोनाल्ड ट्रंप कनाडा और ग्रीनलैंड को अमेरिकी राज्य बनाने की बात कह चुके हैं। जबकि पूर्व प्रधानमंत्री टुडो सहित अनेक विपक्षी नेता भी कह चुके है कि ऐसा होना मुमकिन ही नहीं है कि कनाडा 51वें राज्य के रूप में अमेरिका का हिस्सा बन जाये। गत दिसंबर में भी ट्रंप कई बार कनाडा को अमेरिका का 51 वां राज्य और ट्रूडो को उसका गवर्नर बता चुके थे। यहां तक कि क्रिसमस के बधाई संदेश में भी ट्रंप ने ट्रुडो को कनाडा का गवर्नर बताया था। परन्तु इस तरह की बे सिर पैर की बात कर ट्रंप ने न केवल अपनी धुर दक्षिणपंथी राजनैतिक सोच का परिचय दिया है बल्कि दुनिया को यह सोचने के लिये भी मजबूर कर दिया है कि जो अमेरिका, कनाडा जैसे अपने सैन्य,व्यवसाय व ऊर्जा जैसे अनेक क्षेत्रों में भागीदारी निभाने वाले निकटस्थ देश पर अपनी बुरी नजरें गड़ा सकता है उस अमेरिका से दुनिया के दूसरे देश आखिर क्या उम्मीद करें ? इसी तरह ट्रंप ने अपने शुरूआती फैसलों में मेक्सिको की खाड़ी का नाम बदलकर 'अमेरिका की खाड़ी' करने का आदेश दिया है। इसी आदेश के अंतर्गत अलास्का के माउंट देनाली का नाम बदलकर अमेरिका के 25वें राष्ट्रपति विलियम मैकिन्ली के सम्मान में माउंट मैकिन्ली करने का भी निर्देश दिया गया है। ट्रंप ने ये भी घोषणा कर दी है कि अमेरिका में केवल दो जेंडर को मान्यता होगी- पुरुष और महिलाएं।



डोनाल्ड ट्रंप ने पनामा नहर को ₹एक मूर्खतापूर्ण तोहफा'' बताते हुये दावा किया है कि ₹पनामा नहर को चीन संचालित कर रहा है।'' ट्रंप ने कहा, ₹हमने इसे चीन को नहीं दिया। हम इसे वापस लेंगे। इसी तरह ट्रंप द्वारा लिया गया एक और सबसे दुर्भाग्यपूर्ण फैसला है 'अमेरिका का डब्ल्यूएचओ से अलग होना। यह खबर भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के स्वास्थ्य जगत के लिए एक बुरी खबर है ? ट्रंप ने सत्ता संभालते ही कह दिया है कि अमेरिका डब्ल्यूएचओ से अलग हो जाएगा। अमेरिका के पीछे हटने से डब्ल्यूएचओ की ओर से दी जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता पर असर होगा, जिसके लिए यह संगठन अपने बनने के साल 1948 से जाना जाता रहा है। इसी आदेश में ट्रंप ने बाइडन के कार्यकाल के दौरान आप्रवासियों के लिए लाई गई कई योजनाओं पर भी रोक लगा दी है। जिससे दुनिया के कई देशों में बेचैनी बढ़ गयी है। जिन अप्रवासियों का अमेरिका के निर्माण में अभूतपूर्व योगदान है ट्रंप उन्हें अमेरिका से निष्कासित करने पर तुले हैं। कहना गलत नहीं होगा कि दुनिया के जिस किसी भी देश में इस तरह का संकीर्ण व 'सनकी नेतृत्व ' है तो वह केवल उस देश के लिये ही नहीं बल्कि पूरी मानवता के लिये खतरा है।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। जीवनसाथी की सेहत को लेकर आपको थोड़ा सचेत रहना होगा। आपके घर किसी अतिथि के आने से परिवार के सभी सदस्य व्यस्त रहेंगे। राजनीति में कार्यरत लोगों को अपने विरोधियों से सावधान रहने की आवश्यकता है। आप अपने कामों से अपने बॉस को खुश रखेंगे। कार्यक्षेत्र में माहौल अच्छा रहेगा, जिससे आपको काम करने में खूब मजा आएगा।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए व्यस्तता भरा रहने वाला है। नौकरी में कार्यरत लोगों को प्रोत्साहन मिलेगा। आपके मन में प्रतिस्पर्धा का भाव बना रहेगा। वरिष्ठ सदस्यों का आपको भरपूर मात्रा में सहयोग मिलेगा। दान धर्म के कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी। परोपकार के कार्यों से जुड़कर आप अच्छा नाम कमाएंगे। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। भाई व बहन के विवाह में आ रही समस्या भी दूर होगी। आप अपने घर के कामों को भी निपटाने की कोशिश में लगे रहेंगे।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए व्यस्तता भरा रहने वाला है। संतान के किसी काम को लेकर आपका मन परेशान रहेगा। कोई मित्र आपसे लंबे समय बाद मिलने आ सकता है। परिवार में किसी सदस्य के विवाह की बात पक्की हो सकती है। आप काम के सिलसिले में अपनी व्यवसाय पर ध्यान थोड़ा कम देंगे। आपको किसी नई नौकरी के मिलने से परिवार के सदस्य भी खुश रहेंगे। आपकी इनकम पहले से बेहतर रहेगी। आप काम के साथ-साथ जीवनसाथी के लिए भी समय निकाले।

कर्क - आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। शेयर बाजार में आपको थोड़ा सोच समझकर इन्वेस्टमेंट करना होगा। यदि आपका कोई काम धन को लेकर रुका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है। आप किसी नए मकान की खरीदारी कर सकते हैं। आप कोई जरूरी बात घर व बाहर न जाने दे। नौकरी में यदि आप बदलाव की योजना बना रहे थे, तो आपको किसी दूसरी नौकरी का ऑफर आ सकता है। आप किसी अजनबी पर भरोसा ना करें, नहीं तो वह आपके उस भरोसे को तोड़ सकता है।

सिंह- आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। नौकरी में आपका प्रमोशन मिलने से एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। परिवार में यदि आप किसी सदस्य के करियर को लेकर कोई निर्णय लेंगे, तो वह भी आपको बेहतर रहेगा। आपके मन में किसी काम को लेकर यदि कंफ्यूजन हो, तो आप उसे बिल्कुल ना करें। आपके बढ़ते खर्च आपके लिए सिर दर्द बनेंगे। आपका मान सम्मान बढ़ने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

कन्या- आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। किसी दूर रह रहे परिजन की आपको याद सता सकती है। आपकी इनकम के स्त्रोत बढ़ेंगे, जो आपको खुशी देंगे। प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी को लेकर लॉन्ग ड्राइव पर जाने की योजना बना सकते हैं। वाहन की अकस्मात खराबी के कारण आपका धन खर्च बढ़ सकता है। सामाजिक कार्यक्रमों से आपको जुड़ने का मौका मिलेगा। आपकी किसी पुरानी गलती से पर्दा उठ सकता है।

तुला- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपका कोई महत्वपूर्ण काम पूरा होगा। आपके धन-धान्य में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। यदि लंबे समय से आपका कोई काम रुका हुआ था, तो वह पूरा हो सकता है। व्यापार में आपको चुटपुट लाभ की योजनाओं पर भी पूरा ध्यान देना होगा। आप इधर-उधर के कामों में ज्यादा समय व्यतीत करेंगे। आपको अपने पारिवारिक मामलों को मिल बैठकर निपटना होगा। आपके पिताजी आपके बिजनेस को लेकर कोई सलाह दे सकते हैं।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए प्रभाव व प्रताप में वृद्धि लेकर आने वाला है। किसी नए वाहन की खरीदारी करना आपके लिए अच्छा रहेगा। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। शीघ्रगामी वाहनों के प्रयोग से आपको सावधान रहना होगा। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। आपको अपनी सेहत में लापरवाही करने से बचना होगा। मौसम का विपरीत प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ेगा। आपकी कुछ सामाजिक योजनाएं फलीभूत होंगी।

धनु- आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। परिवार में नौकरी से संबंधित कामों को लेकर आपको भाग दौड़ अधिक रहेगी। कोई पारिवारिक समस्या यदि लंबे समय से आपको परेशान कर रही थी, तो वह भी दूर होती दिख रही है। आपकी सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी और आपको एक के बाद एक शुभ सूचना सुनने को मिलती दिख रही है।आप अपने धन को लेकर योजना बनाकर चलें नहीं तो बाद में आपकी समस्याएं बढ़ सकती हैं।

मकर- आज का दिन आपके लिए कोई बड़ी उपलब्धि लेकर आने वाला है। अविवाहित जातकों के जीवन में किसी ने मेहमान के दस्तक हो सकती हैं। विद्यार्थी किसी प्रतियोगिता में भाग लेंगे, जिसमें उन्हें जीत अवश्य मिलेगी। आप अपने परिवार में किसी सदस्य के लिए कोई सरप्राइज पार्टी प्लान कर सकते हैं। छोटे बच्चे आपसे किसी चीज की फरमाइश करेंगे, जिसे आप पूरा अवश्य करेंगे। आप किसी से कोई कड़वी बात ना बोले। आपको किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा।

कुंभ- कुंभ राशि के जातकों के लिए आज दिन अनुकूल रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपको बेहतर लाभ मिलेंगे। किसी नई नौकरी का ऑफर आने से माहौल खुशनुमा रहेगा। साझेदारी में यदि आपने कोई फैसला लिया था, तो वह आपके लिए अच्छा रहेगा। प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने साथी के साथ रोमांटिक समय व्यतीत करेंगे। यदि आपके ऊपर कुछ कर्ज था, तो उसे भी आप काफी हद तक उतार सकते हैं। आपको किसी की कोई बात बुरी लग सकती है। आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा।

मीन- मीन राशि के जातकों को खुशियां भरपूर मिलेंगी, लेकिन उनके खान-पान में गड़बड़ी होने के कारण पेट संबंधित समस्याएं जन्म ले सकती हैं। संतान के साथ आप कुछ मौज मस्ती भरे पल व्यतीत करेंगे। आपको बिजनेस में भी अच्छा लाभ मिलने की संभावना है। आप कोई फैसला थोड़ा सोच समझ कर लें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। विद्यार्थियों के लिए दिन मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आपको किसी नए काम की शुरूआत करना अच्छा रहेगा।

# बढ़ती महंगाई और राजनीति की चालें

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'



महंगाई का मुद्दा आजकल सभी की जुबान पर है। जब भी हम समाचार पत्र या टेलीविजन देखते हैं, महंगाई की बात सुनने को मिलती है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि महंगाई बढ़ने का असली कारण क्या है? यह कोई अलौकिक घटना नहीं है, बल्कि यह तो हमारे नेताओं की ₹विकास यात्रा₹ का एक हिस्सा है। चुनाव के समय सभी नेता एक नई कश्ती पर सवार होकर हमारे सामने आते हैं। हर कोई हमें यह बताता है कि वह हमारे लिए क्या करेगा। महंगाई कम करने के लिए वादे तो हजारों होते हैं, लेकिन जब सरकार बनती है, तो यह वादे ताश के पत्तों की तरह बिखर जाते हैं। हमें तो बस यह समझ में आता है कि पहले हम एक किलो चावल खरीदते थे, अब उसी के लिए हमें दो किलो पैसे देने पड़ते हैं।





यह किसी खेल की तरह हो गया है। सड़क पर चलते हुए आपको यह सुनने को मिलेगा कि ₹अरे भाई, यह तो महंगाई का जमाना है।₹ लेकिन जरा ठहरिए! क्या आपने सोचा है कि यह महंगाई क्यों बढ़ रही है? क्या इसकी जड़ें हमारी असहमति में हैं या फिर ये हमारे नेताओं की लापरवाहियों का परिणाम है? अगर नेता अपने चुनावी वादों को सच्चाई में बदलने का एक छोटा सा प्रयास भी करें, तो शायद हम इस समस्या का समाधान निकाल सकें। एक बार की बात है, हमारे इलाके में एक नेता आए। उन्होंने अपने भाषण में कहा, ₹हमारी सरकार ने महंगाई को कम करने का संकल्प लिया है।₹ लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच उनकी बातों का समर्थन किया। लेकिन जब उसी नेता ने अगले महीने बाजार में जाकर देखा कि आटा 50 रुपये किलो हो गया है, तो उन्होंने अपने चहेते व्यापारियों से कहा, ₹भाई, थोड़ा कम कर दो। मुझे भी कुछ वोट चाहिए।₹ व्यापारियों ने मुस्कुराते हुए कहा, ₹सर, आपके वोट तो हम देंगे, लेकिन महंगाई की लहर को रोकना हमारी नहीं, आपकी जिम्मेदारी है।₹

महंगाई के बारे में सोचते हुए, यह समझ में आता है कि यह समस्या एक दिन में नहीं बनी है। यह एक प्रक्रिया है, जिसमें सरकारें समय-समय पर अपनी नीति और योजनाओं को बदलती हैं। लेकिन एक सवाल हमेशा मन में आता है - क्या हमारे नेता इस समस्या का सामना करने के लिए तैयार हैं? जब महंगाई बढ़ती है, तो आम आदमी की जेब खाली होती है, लेकिन नेताओं की तिजोरी हमेशा भरी रहती है। वे महंगाई को अपने फायदे के लिए इस्तेमाल करते हैं। चुनावी घोषणापत्र में महंगाई कम करने का वादा तो करते हैं, लेकिन असल में वे तो अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए योजनाएं बनाते हैं। क्या आपने कभी सोचा है कि जो नेता खुद महंगे कपड़े पहनते हैं, वे कैसे महंगाई को कम करने का वादा कर सकते हैं? इस सबके बीच एक बात और है। हमारे समाज में एक वर्ग ऐसा भी है, जो हमेशा महंगाई को अपनी सुविधा के अनुसार देखता है। जब महंगाई बढ़ती है, तो वे कहते हैं, ₹अरे, यह तो समय का बदलाव है।₹ लेकिन जब वही महंगाई उनके लिए असहनीय हो जाती है, तो वे चुप्पी साध लेते हैं। यह दोगलेपन की एक मिसाल है। महंगाई की समस्या को हल करने के लिए हमें एक ठोस योजना की आवश्यकता है। हमारे नेताओं को चाहिए कि वे अपने वादों को सच्चाई में बदलने का प्रयास करें। हमें समझना होगा कि महंगाई एक जटिल समस्या है, और इसके समाधान के लिए हमें सामूहिक रूप से प्रयास करना होगा। आखिरकार, हम सभी जानते हैं कि महंगाई हमारे जीवन का एक हिस्सा है, लेकिन हमें यह समझना होगा कि इसे स्वीकार करना हमारी कमजोरी नहीं, बल्कि हमारी शक्ति है। यदि हम एकजुट होकर आवाज उठाएंगे, तो शायद हमारी आवाज सुनने वाला कोई नेता आएगा, जो महंगाई को कम करने का वादा सच में निभा सकेगा।

## विमर्श

# स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन से सबक लेने की जरूरत

किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र



भारत में हम बीते कुछ महीनों से आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव के उपलक्ष में बड़े ही धूमधाम से अनेक वेबीनार, प्रोग्राम, कार्यक्रम कर रहे हैं। साथियों कार्यक्रम और वेबीनार ही नहीं करीब-करीब हर केंद्रीय मंत्रालय स्तर पर अनेक विकास कार्यों की नींव भी रखी जा रही है जो हमें रोज प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से पता चलता है, जिससे मन में जोश,नए भारत, आत्मनिर्भर भारत बनने की कड़ी में उत्साह भरा माहौल उत्पन्न हो गया है।साथियों बात अगर हम स्वतंत्रता संग्राम के 75 में अमृत महोत्सव मनाने और स्वतंत्रता दिवस महोत्सव 2047 के विजन के बड़े-बड़े रणनीतिक रोडमैप, विकास की योजनाएं व इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने की करें तो हमें यह भी जरूर याद रखना होगा कि यह स्वतंत्रता हमें किन की बदौलत मिली है,उन महापुरुषों स्वतंत्रता सेनानियों और हमारे बुजुर्गों को हमें याद रखना जरूरी है।

उनके द्वारा दिखाए गए रास्ते, निर्धारित उच्च मानकों का अनुसरण करते हुए हमें आगे बढ़ना होगा,क्योंकि आज हम जो खुली हवा में सांस ले रहे हैं यह सब उनकी ही देन है।साथियों बात अगर हम इस विषय पर युवा भारत के युवाओं की करें तो इस अनुसरण की जरूरत खासकर हमारे युवा साथियों को है जिनको स्वतंत्रता संग्राम के विभिन्न पहलुओं का अध्ययन कर और बुजुर्गों, स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन से सबक लेने की जरूरत है। हालांकि आज का युवा पढ़ा लिखा, बुद्धिजीवी है बड़े बड़े वैज्ञानिक अनुसंधानों में सफलताएं प्राप्त कर रहा है परंतु साथियों बड़े बुजुर्गों, स्वतंत्रता सेनानीं तो आखिर कर हमारी शान है। हम नए भारत आत्मनिर्भर भारत की सीढ़ियों पर कदम रखने शुरू हो गए हैं अब समय आ गया है कि हमें इन महापुरुषों के विभिन्न पहलुओं का अध्ययन कर अनेक अनपढ़ई बातों को समझें, उनके जीवन से सबक लेने की कोशिश करें, क्योंकि इन स्वतंत्रता सेनानियों बुजुर्गों महापुरुषों के कारण ही हम 75 वां अमृत स्वतंत्रता दिवस मना रहे हैं और विजन 2047 की तैयारी शुरू किए हुए हैं! हमें हर पल इन्हें अपने करीब दिलोदिमाग में संजोकर रखने की जरूरत है। साथियों बात अगर हम आज धरातल पर मौजूद याने जीवित हमारे स्वतंत्रता सेनानियों, हमारे बूढ़े बुजुर्गों की करें जिन्होंने अंग्रेजों के जुल्म सहे, उनसे लोहा लेकर उन कठिनाई भरे दिनों को जिया उनकी करें तो, हमें आज उनको पूरा मानसम्मान देना बहुत जरूरी है। साथियों शासन प्रशासन द्वारा उन्हें आर्थिक सहायता, मानधन, पेंशन, सहयोग तक ही सीमित नहीं रखना है,उन्हें अपनापन, अपनों के प्यार, व्यवहार, साथ की भी जरूरत है जो शायद अनेक ऐसे महापुरुषों को नहीं मिल पाता होगा क्योंकि हम आज की युवा पीढ़ी में दिखावा, पाश्चात्य संस्कृति, मौज-मस्ती, आधुनिकता, पैसे कमाने का जज्बा, पाश्चात्य फैशन, पाश्चात्य सोच की ओर धीरे-धीरे फिसलते हुए देख रहे हैं, और हमारे परम आदरणीय बुजुर्गों, स्वतंत्रता सेनानियों, महापुरुषों को ओल्डमैन का दर्जा देकर मौन धारण की ओर धकेला जा रहा है। हालांकि सब ऐसे नहीं है परंतु जो हैं उन्हें अब स्वतः संज्ञान लेकर नए भारत आत्मनिर्भर भारत में उनको साथ लेकर मान सम्मान, खुशी अपनापन, प्यार मोहब्बत देकर उन्हें अपनी जिंदगी के करीब रख और आगे बढ़ने की जरूरत है। क्योंकि आज के भारत के 68 प्रतिशत लोग युवा हैं और इस युवा भारत में जवाबदारी, जिम्मेदारी का बोझ हर युवा को उठाना होगा और अपने बूढ़े बुजुर्गों, माता-पिता, रिश्तेदारों, स्वतंत्रता सेनानियों, महापुरुषों का ध्यान रखना होगा। साथियों बात अगर हम माननीय पूर्व उपराष्ट्रपति द्वारा एक कार्यक्रम में संबोधन की करें तो पीआईबी के अनुसार उन्होंने भी,युवाओं से भारत के स्वतंत्रता संग्राम के विभिन्न पहलुओं का अध्ययन करने और स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन से सबक लेने की अपील की। उन्होंने युवाओं से औपनिवेशिक शासन के दौरान भारतीयों के दिमाग में डाले गए फूट डालो और राज करो की मानसिकता से उबरकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आग्रह किया। उन्होंने आज भारतीय इतिहास का उद्देश्यपूर्ण पुनर्मूल्यांकन बेहतर तथ्य आधारित शोध के जरिये करने की आवश्यकता बताई। भारत के अतीत के औपनिवेशिक परिप्रेक्ष्य में तथ्यों को तोड़मरोड़ कर प्रस्तुत करनेका उल्लेख करते हुए उन्होंने भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों और नेताओं पर अधिक पुस्तकों के साथ भारतीय इतिहास के लिए एक नए दृष्टिकोण का आह्वान किया। उन्होंने विभिन्न भारतीय भाषाओं में स्वतंत्रता सेनानियों पर और अधिक पुस्तकें लाने की आवश्यकता पर बल दिया क्योंकि देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। उन्होंने राज्यों से इस संबंध में आगे आने और अपने अपने क्षेत्रों के नेताओं पर किताबें प्रकाशित करने का आह्वान किया।उन्होंने सुझाव दिया कि आज के कानून निमार्ताओं को हमारे स्वतंत्रता सेनानियों और संविधान निमार्ताओं द्वारा निर्धारित उच्च मानकों का आत्मनिरीक्षण और अनुकरण करने की आवश्यकता है। हाल की कुछ घटनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि निर्वाचित प्रतिनिधियों को यह याद रखना चाहिए कि वे संसद का अनादर और लोकतंत्र का स्तर नीचा नहीं कर सकते हैं।

साथियों बात अगर हम माननीय पीएम द्वारा लाल किले से संबोधन करने की करें तो उन्होंने भी कहा था आज आजादी के इस अमृत महो?सव के पावन पर्व पर देश अपने सभी स्वातंत्र्य सेनानियों को, राष?ट्र रक्षा में अपने आप को दिनरात खपाने वाले, आहूत करने वाले वीर वीरांगनाओं को आज देश नमन कर रहा है। आजादी को जन आंदोलन बनाने वाले, पूज?य बापू हो, या आजादी के लिए अपना सब कुछ न?यौछावर करने वाले नेताजी सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, चन?द्रशेखर आजाद, बिस्मिल और अशफाक उल्ला खान जैसे महान क्रांतिवीर हो, झांसी की रानी लक्ष?मीबाई हो, चित?तूर की रानी चेन्नम्मा हो या रानी गाइदिन्ल्यू हो, या असम में मातंगिनी हाजरा का पराक्रम हो, देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित नेहरू जी हो, देश को एकजुट राष?ट्र में बदलने वाले सरदार वल?लभ भाई पटेल हो भारत के भविष?य की दिशा निर्धारित करने वाले, रास?ता तय कराने वाले बाबा साहब अंबेडकर सहित देश हर व?यक्ति को, हर व?यक्तित?व को आज याद कर रहा है। देश इन सभी महापुरुषों का ऋणी है।अतःअगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि युवाओं को भारत के स्वतंत्रता संग्राम के विभिन्न पहलुओं का अध्ययन करने और बुजुर्गों, स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन से सबक लेने की जरूरत है तथा युवा भारत के युवकों को बुजुर्गों, स्वतंत्रता सेनानियों, महापुरुषों द्वारा निर्धारित उच्च मानकों का आत्मनिरीक्षण और अनुसरण करने की तात्कालिक जरूरत है।

## एक नजर

### 'स्वीप' के तहत ईवीएम का प्रदर्शन कर मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक

**उत्तर बस्तर कांकेर, 28 जनवरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में आगामी नगरीय निकाय आम निर्वाचन- 2025 में मतदाता जागरूकता अभियान 'स्वीप' कार्यक्रम के तहत जिले में संचालित समस्त शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं, कॉलेजों, हाट-बाजार एवं चौक चौराहों में ईव्हीएम के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हरेश मंडावी ने बताया कि नुक्कड़ नाटक, बिटिया आग्रह टोली व स्वीप सहेली के माध्यम से जिला प्रशासन के आह्वान पर घर-घर जाकर मतदाताओं को 'वोट हमारा अधिकार है वोट जरूर करें' की तर्ज पर अनुरोध किया जा रहा है। आगामी नगरीय निकाय निर्वाचन में 11 फरवरी 2025 दिन मंगलवार को अनिवार्य रूप से मतदान प्रकिया में भाग लेकर जरूर मतदान करें। जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि इसके लिए जिले में 06 मास्टर ट्रेनर्स की ड्यूटी लगाई गई है, जिनके द्वारा डोर-टू-डोर जाकर ईव्हीएम का प्रदर्शन किया जा रहा है। जिले के महाविद्यालयों में नये वोटर को आकृष्ट करने के लिए 'जाबो- जागव बोटर' के माध्यम से सेल्फी कार्नर का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसके अलावा एनएसएस, एनसीसी व रेडक्रॉस स्काउट गाइड के छात्रों के माध्यम से घर-घर जाकर बिटिया आग्रह टोली द्वारा मतदान के महत्व को बताया जा रहा है।

### नगरीय निकाय आम निर्वाचन के लिए व्यय संपरीक्षक अधिकारी नियुक्त

**उत्तर बस्तर कांकेर, 28 जनवरी।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने नगरीय निकायों के आम निर्वाचन 2024-25 के अध्यक्ष पद हेतु निर्वाचन व्यय सीमा का निर्धारण करने अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय लेखा का परीक्षण एवं जांच करने हेतु नगरपालिका तथा नगर पंचायतों के आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए अधिकारी-कर्मचारियों को व्यय संपरीक्षक नियुक्त किया है। जारी आदेश के अनुसार नगरपालिका परिषद कांकेर अंतर्गत अध्यक्ष पद हेतु लेखाधिकारी श्री टी.राजेश्वर राव, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग के सहायक लेखाधिकारी श्री सत्येन्द्र केजी और सहायक ग्रेड-03 श्री ऋषि देवांगन को निर्वाचन व्यय संपरीक्षक नियुक्त किया है। इसी प्रकार नगर पंचायत चारामा के लिए अध्यक्ष पद हेतु उप कोषालय अधिकारी श्री दुष्यंत कुमार, लेखापाल श्री गजेन्द्र कुमार साहू और श्री अभीराम बर्मन को नियुक्त किया गया है। नगर पंचायत भानुप्रतापपुर हेतु उप कोषालय अधिकारी श्री लुमन साहू, सहायक ग्रेड-02 श्री प्रकाश मेश्राम और श्री सुरेश साहू तथा नगर पंचायत अंतागढ़ हेतु उप कोषालय अधिकारी श्रीमती निधि शोरी, लेखापाल श्री बालाजी रजक तथा सहायक ग्रेड-03 श्री शैलेन्द्र कुमार सर्फे को व्यय संपरीक्षक नियुक्त किया गया है। इसके अलावा कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा नगर पंचायत पखांजूर के लिए लेखापाल श्री अभिमन्यु दिलहनिया, श्री कालाचल पाल और सहायक ग्रेड-02 श्री संजय नेताम को अध्यक्ष पद हेतु व्यय संपरीक्षक नियुक्त गया है।

### सद्भावना क्रिकेट मैच में कलेक्टर इलेवन टीम विजयी रही

**उत्तर बस्तर कांकेर, 28 जनवरी।** गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर जिला मुख्यालय में इस वर्ष भी नागरिक 11 एवं कलेक्टर 11 के मध्य सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन शा.भानुप्रतापदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय के क्रीड़ांगन में किया गया। कलेक्टर-11 के कप्तान कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा टॉस जीत कर पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 8 ओवरों में 84 रन बनाया गया। जवाब में नागरिक-11 के कप्तान कांकेर विधायक आशाराम नेताम के नेतृत्व में निर्धारित 8 ओवरों में 51 रन ही बना सकी। इस प्रकार कलेक्टर-11 ने 33 रन से मैच को जीता। मैच के दौरान दोनो टीमों की एक भी विकेट नहीं गिरी। मैच के अंत में विजेता टीम, कलेक्टर 11 तथा उपविजेता टीम को शील्ड व दोनों टीमों के सदस्यों को व्यक्तिगत पुरस्कार के साथ-साथ मैन ऑफ द मैच श्री के.के. ठाकुर को पुरस्कार दिया गया। सद्भावना मैच में अपर कलेक्टर श्री एस. अहिरवार, सीईओ जिला पंचायत श्री हरेश मंडावी, संयुक्त कलेक्टर श्री अरुण कुमार वर्मा सहित अधिकारी-कर्मचारी तथा नागरिक-11 में वरिष्ठ नागरिकों व मीडिया प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

### मारपीट में 11 घायल, 7 लोगों को किया गया गिरफ्तार

**जगदलपुर 28 जनवरी।** जिले के बड़ाजी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेलर में ईसाई धर्मांतरित महिला के शव को दफनाने को लेकर हुए बवाल के बाद मारपीट में आदिवासी समुदाय के 11 लोग घायल हो गए हैं। वहीं पुलिस ने 21 लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की गई है, नामजद आरोपियों में मोहन कोहरामी, रामचन्द्र, यवन मण्डावी, गुप्ता कवासी, बीजा मण्डावी, पीलु मण्डावी, दिनेश कश्यप, अभिषेक मण्डावी, बबलू मण्डावी, रत्तु कश्यप, संतो कश्यप, गोचूं कश्यप, दीनु कश्यप, सरिता मण्डावी, मंगोल मंडावी, टिंगरी कवासी, पाण्डो मण्डावी, चैती मण्डावी, सोमारी कवासी, ऐलिसीबा, बोदे मण्डावी व अन्य दर्जनों शामिल हैं। वहीं घटना में शामिल 7 लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। मारपीट का वीडियो भी अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें पुलिस जवानों की मौजूदगी में ही मारपीट हो रही है, जवान बीच-बचाव की कोशिश कर रहे हैं। ग्राम बेलर में कहीं और हिंसक घटना न हो जाए इसलिए पुलिस फोर्स बड़ी संख्या में आज शनिवार को भी उस इलाके में मौजूद है। फिलहाल गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है, इलाके में पुलिस की अलग-अलग टीम द्वारा पेट्रोलिंग की जा रही है। ऐहतियातन फोर्स की तैनाती बेलर, दाबपाल समेत आस-पास के गांवों की गई है। एएसपी महेश्वर नाग का कहना है कि स्थिति नियंत्रण में है, उन्होने बताया कि 21 लोगों के खिलाफ कार्यवाई की गई है, 7 लोगों को जेल दाखिल कर दिया गया है, अन्य की तलाश जारी है। छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में आदिवासी हिंदू से इसाई धर्मांतरित के मृत्यु के बाद गांव के हिंदूओं के श्मसान की जमीन में शव दफनाने नहीं देने का एक मामला इन दिनों सुप्रीम कोर्ट तक पंहुचने और सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों के द्वारा इस पर हाई कोर्ट के आदेश पर टिप्पणी करने के बाद इन दिनों धर्मांतरण का मुद्दा बस्तर जिले में सुर्खियों में चल रहा है। इसी बीच बस्तर जिले के लोहंडीगुड़ा के ग्राम दाबपाल में भी एक ऐसा ही मामला सामने आया है।



# कोन्टा में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

## अतिनक्सलवाद ग्रस्त एरिया सलाटोंग ग्राम में झंडा फहराया गया

**मावोवाद प्रभावित क्षेत्र में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन**

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 28 जनवरी।** एफ.ओ.बी. सलातोंग कैम्प, पुलिस थाना-किस्ताराम, जिला-सुकमा (छत्तीसगढ़) में 76वां गणतन्त्र दिवस का आयोजन अतिनक्सलवाद ग्रस्त एरिया सलाटोंग ग्राम में झंडा फहराकर बडा ही धूम-धाम से मनाया गया। सलाटोंग ग्राम के ग्रामीणों एवं स्कूल के बच्चों को मिठाई वितरण की गई तथा ग्राम वासियों को 76वां गणतन्त्र दिवस के अवसर पर पानी की टंकी का भी वितरण किया। इस अवसर पर श्री रवि शर्मा, सहायक कमाण्डेंट एवं श्री संगीत कुमार, सहायक कमाण्डेंट तथा ए217 एवं सी217 बटालियन सी. आर.पी.एफ. के अधिनस्थ अधिकारी व जवानों के द्वारा सभी ग्राम वासियों को मिठाई एवं पानी की टंकी वितरण कराया गया। इस मौके पर श्री वीरेन्द्र कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी 217 बटालियन, सी.आर.पी.एफ. के द्वारा सभी ग्राम वासियों को सम्बोधन कर उन्हें उनकी सुरक्षा एवं सहायता करने का भरोसा दिलाया गया तथा ग्रामीणों को मुख्य धारा में जुड़ने के लिए प्रोत्साहीत किया। साथ ही साथ अन्य सरकारी योजनाओं के वारे में जानकारी एव उसके लाभ और उसके उपयोगिता के बारे में जानकारी साझा किया।

76 वें गणतन्त्र दिवस के शुभ अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य के अतिसंवेदनशील मावोवाद प्रभावित क्षेत्र थाना किस्टाराम के अंतर्गत पलोडी कैम्प में पुलिस उप महानिरीक्षक, कोण्टा परिचालन रेंज एवं कमाण्डेन्ट 217 बटालियन के निर्देशन में 217 वीं बटालियन के.रि.पु. बल द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस सिविक एक्शन प्रोग्राम में पलोडी, अमापेन्टा, कासाराम, सनमपेन्टा एवं करीगुडेम गांव के पुरुष, महिलाओ एवं बच्चों ने भाग लिया। सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत श्री नितेश कुमार, सहा. कमा., 217 बटालियन द्वारा ग्रामवासियों को पानी की टंकी, साड़ी, गमछा, लुंगी, किकेट बैट, बॉल, स्टम्प, फुटबॉल, वॉलीबॉल, वॉलीबॉल नेट आदि सामान वितरित किया एवं सिविक एक्शन प्रोग्राम के दौरान उपस्थित सभी ग्राँमवासियों को बटालियन 217 बटालियन के.रि.पु. बल द्वारा भोजन भी कराया गया। इस शुभ अवसर पर श्री नितेश कुमार, सहा. कमाण्डेट, 217 बटालियन ने ग्रामीण युवाओं को माओवादियो के शोषण, अत्याचार और खोखली विचारधारा के विरुद्ध जागरूक किया और मुख्यधारा में जुड़ने की अपील की।

76वीं गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर दिनांक 26 जनवरी 2025 को पुलिस उप महानिरीक्षक (परिचालन) रेंज कोन्टा एवं 217 वीं वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के मुख्यालय कोन्टा प्रांगण में राष्ट्रीय ध्वजारोहण कर संयुक्त रूप से 76 वीं गणतंत्र दिवस बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि श्री सूरज पाल वर्मा, पुलिस उप महानिरीक्षक (परिचालन) रेंज कोन्टा ने सलामी के साथ राष्ट्रीय ध्वजारोहण किया एवं गणतंत्र दिवस के महत्व के बारे में उपस्थित जवानों को संबोधित किया और साथ ही केन्द्र सरकार द्वारा घोषित विभिन्न प्रकार के पदक प्राप्तकर्ताओं का नाम भी सुनाया गया एवं 217 बटालियन मे अन्तर कम्पनी बॉलीबाल प्रतियोगता एवं रात्री को जवानो के लिए बडा खाने का आयोजन किया गया, इस अवसर पर श्री विजय शंकर (कमांडेन्ट 217 बटालियन), श्री अरविन्द पी0 आनन्द (द्वितीय कमान अधिकारी, 217 वीं वाहिनी), श्री नीर सिंह मीणा (द्वि.कमा अधिकारी), डा0 मंदीप सिंह (एस एम ओ), श्री पार्थ सारथी साहू, (उप कमाण्डेन्ट), श्री सौरभ कुमार सिंह, (उप कमाण्डेन्ट), श्री क्लारेंन्स वि. एफ. (सहा कमाण्डेन्ट) तथा श्री आर. सी. चन्द्रन, (सहा. कमाण्डेन्ट, मत्रां.), अधीनस्थ अधिकारीगण एवं जवानों ने भी भाग लिया।

# एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय ने मनाया छात्रावास दिवस

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा 28 जनवरी।** आपको सूचनार्थ लेख है कि आज दिनांक 27 जनवरी 2015 को कल्या एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, बालाटिकरा, छिन्दगद, जिला सुकमा में विद्यालय परिवार की ओर से छात्रावास दिवस मनाया गया, इस अक्सर पर विद्यालय में अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों द्वारा बड़े ही उमंग, उत्साह और जोश के साथ अपनी प्रस्तुति दी । इस अवसर पर पधारे हुये अतिथियों में वरिष्ठ पत्रकार संघ के अध्यक्ष राजेन्द्र पीसा , सुमित ऑपरेटर सहायक आयुक्त कार्यालय, श्रीमती माला जी, श्रीमती राम कुमारी जी के साथ अनेक लोगों ने उपस्थिति देकर छात्राओ का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय की छात्रावास अधिक्षिका श्रीमति लक्ष्मी पीसा जी के साथ विद्यालय के सभी शिक्षकों और बालिकाओं ने मिलकर इस कार्यक्रम को बडे ही उत्साह से सम्पन्न करवाया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में सभी बालिकाओं भी को शिक्षा के प्रति जागरूक होने, अनुशासन में रहने के साथा अपने लक्ष्य पर ध्यान देने के आहवान किया। इस अवसर पर केन्द्रीय विद्यालय सुकमा की समस्त स्टॉफ भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का बैच लगाकर परम्परानुसार स्वागत सत्कार किया गया इस अवसर पर विद्यालय के कार्मिक डॉ रविन्द्र कुमार महबर, आकांक्षा पंथी, प्रीति, निशा, अखबर अली, सलीम अहमद, मनोज कुमार शर्मा, मोहित नागर ,प्रियंका, प्रबज्या दोहरे, अंशुभान सिंह, अभिरुचि, प्रिया ग्रोपर, सुनील पाल, निवेक कुमार आदि कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस अवसर पर दो बालिकाएँ, मंजू नाग व काजल नाग जिनका चयन राष्ट्रीय स्तर खो-खो टीम में हुआ है उनको प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर एकलव्य विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय परिवार कन्या एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बाला टिकरा,छिंदगढ़ ।

# सीजी पीएससी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए निःशुल्क मैराथन टेस्ट प्रारंभ

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उत्तर बस्तर कांकेर,28 जनवरी।** कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन की एक और अभिनव पहल 'मावा मोदोल' के तहत जिले के युवाओं के लिए सीजी पीएससी मैराथन टेस्ट सिरीज की परीक्षा आज से प्रारंभ होकर 06 फरवरी तक प्रति दिवस विषयवार आयोजित होगी। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि उक्त परीक्षा विषयवार अलग-अलग तिथि को प्रति दिवस दो घंटे सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह परीक्षा 11 दिवस तक जिले के निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में संचालित किया जाएगा। विषय विशेषज्ञों के माध्यम से प्रश्न पत्र तैयार कराया जा रहा है तथा मैराथन टेस्ट सीरीज के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारी की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी ने जानकारी दी है कि सीजी पीएससी के मैराथन टेस्ट सीरीज के अंतर्गत विकासखंड चारामा, कांकेर एवं नरहरपुर के प्रतिभागियों के लिए डाईट भवन कांकेर, बीआरसीसी भवन कांकेर एवं शासकीय नरहरदेव में परीक्षा आयोजित किया जा रहा है। इसी प्रकार विकासखंड अंतागढ एवं कोयलीबेडा क्षेत्र के छात्रों के लिए पीएमश्री शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय अंतागढ़ को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। विकासखंड दुर्गूकोंदल एवं भानुप्रतापपुर क्षेत्र के छात्रों के लिए मावा मोदोल निःशुल्क कोचिंग सेंटर बीईओ कार्यालय के बाजू में भानुप्रतापपुर में आयोजित किया जा रहा है, जबकि पखांजूर क्षेत्र के छात्रों के लिए बीआरसीसी प्रशिक्षण कक्ष एवं जनपद पंचायत प्रशिक्षण कक्ष पखांजूर में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने आगे बताया कि मैराथन टेस्ट सीरीज हेतु अब तक 600 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया हैं, जिनमें से प्रथम दिवस 352 से अधिक छात्रों ने भाग लिया है। जिला प्रशासन द्वारा सभी अर्हताधारी छात्र-छात्राओं एवं युवाओं से अपील की गई है कि सीजी पीएससी की परीक्षा दिला रहे छात्र निर्धारित परीक्षा केन्द्र में नियमित उपस्थित होकर अधिक से अधिक संख्या में परीक्षा में भाग लेकर सुनहरा अवसर का लाभ उठाएं।

### शराबी शिक्षक को जिला शिक्षा अधिकारी ने किया निलंबित

**कांकेर 28 जनवरी।** जिले के दुर्गुकोंदल ब्लॉक के पलाचूर प्राथमिक शाला में पदस्थ शराबी शिक्षक रामकुमार कोमरे को जिला शिक्षा अधिकारी ने निलंबित कर दिया है। दरअसल स्कूल में शराब के नशे में सोते हुए शिक्षक का वीडियो वायरल हुआ था। मिली जानकारी के अनुसार रोजना इसी तरह शराब के नशे में शिक्षक रामकुमार कोमरे स्कूल पहुंचता था, इससे बच्चे एवं पालक परेशान थे। नशे में धुत शिक्षक रामकुमार कोमरे ने छेर-छेरा में बच्चों द्वारा इकठ्ठा किए धान को बेचकर उसी पैसों से शराब पिया था। इस मामले पर जिला शिक्षा अधिकारी अशोक पटेल ने वायरल वीडियो देखने के बाद इसे गंभीरता से लेते हुए ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को मामले की जांच करने का निर्देश दिया थे।



**जगदलपुर 28 जनवरी।** महापौर प्रत्याशी मलकीत सिंह गैदु ने नगर पालिक निगम जगदलपुर के प्रभारी एवं बस्तर के विधायक लखेश्वर बघेल से राजीव भवन में भेंट की। इस दौरान लखेश्वर बघेल ने विजय होने का शुभाशीष प्रदान किया।

### किसानों व ग्रामीण युवकों को कृषि के साथ बकरी, मछली, मुर्गीपालन के लिए किया प्रोत्साहित

कांकेर 28 जनवरी। 33वी वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल केंवटी जिला कांकेर के द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत अंतागढ़ विकासखण्ड के 30 ग्रामीण युवकों एवं कृषकों के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र कांकेर में पांच दिवसीय कृषक प्रशिक्षण प्रारम्भ किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि सशस्त्र सीमा बल के कमाडेंट श्री महेन्द्र ठाकुर ने अपने उ?द्बोधन में तकनीकी ज्ञान प्राप्त कर युवकों को व्यवसायिक खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया साथ ही साथ विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेते हुए खेती के साथ-साथ मुर्गीपालन, बकरी पालन, सूकरपालन, मछली पालन, सब्जियों की खेती आदि करने हेतु प्रोत्साहित किया। उद्घाटन के अवसर पर सशस्त्र सीमा बल के डिप्टी कमाडेंट डॉ पंकज तेवतिया एवं उप संचालक कृषि श्री जितेन्द्र कोमरा, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें डॉ सत्यम मिश्रा, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ बीरबल साहू उपस्थित थे जिन्होने अपने-अपने विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रशिक्षाणार्थियों को प्रदान किया। इस पांच दिवसीय कृषि प्रशिक्षण में प्रशिक्षणार्थियों को कृषि के साथ-साथ अन्य व्यवसायों की तकनीकी जानकारियों विभिन्न विषय विशेषज्ञों के द्वारा प्रदाय किया जायेगा। साथ ही साथ बैंक अधिकारियों के द्वारा लोन इत्यादि प्रक्रियाओं की जानकारी प्रदान की जावेगी। उद्घाटन अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकगण, अंतागढ़ विकासखण्ड के ग्राम बरबेड़ा, तुमापाल, कुसुरुण्डा के

## त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय निर्वाचन-2025 के लिए प्रथम प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

# प्रशिक्षण में निर्वाचन कार्य को बेहतर तरीके से समझें:कलेक्टर

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा, 28 जनवरी।** आगामी त्रिस्तरीय पंचायतों और नगरीय निकायों के आम निर्वाचन 2025 को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में सुकमा जिले में मतदान अधिकारियों, पीठासीन और सेक्टर अधिकारियों के लिए दो दिवसीय प्रथम प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस दौरान अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री गजेन्द्र सिंह ठाकुर सहित निर्वाचन संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थत थे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री देवेश ध्रुव ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया और कार्यक्रम की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने प्रशिक्षण को निर्वाचन प्रक्रिया के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा, मतदान प्रक्रिया की सफलता का दारोमदार प्रशिक्षण की गुणवत्ता और अधिकारियों की प्रतिबद्धता पर निर्भर करता है।

इसके अलावा, प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान जिन अधिकारी-कर्मचारियों ने प्रशिक्षण में अनुत्तीर्ण प्रदर्शन किया, उनके प्रति भी कलेक्टर ने निर्देश दिए कि ऐसे अधिकारी-कर्मचारी प्रशिक्षण गंभीरता से करें और अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा के साथ निभाएं। कलेक्टर ने कहा, निर्वाचन प्रक्रिया में त्रुटि की कोई गुंजाइश नहीं है। सभी अधिकारी-कर्मचारी अपने निर्वाचन कार्य को बेहतर तरीके से समझें और निर्वहन करें। त्रि-स्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव वर्ष 2025 में प्रथम प्रशिक्षण में अनुत्तीर्ण अधिकारियों में श्री शिवलाल बैगा, श्रीमती चंदा मंडल, श्री परमानंद, श्री बाहलू राम किरेन्द्र, श्रीमती शेख जैबुन, श्री लल्लूराम कश्यप, श्री मोहम्मद अफजल शरीफ, श्री सुरेश कुमार मरकाम, श्री अमरदीप दुब्बा, श्री मरकाम विष्णु, श्रीमती माया कवासी, श्रीमती अर्जिता सिंह, श्रीमती गीता सोड़ी, श्रीमती लक्ष्मी नेताम, श्रीमती रोजमेरी यादव, श्री महेश पासवान कुमार, श्री राजकुमार बैगा, श्रीमती गंगा मरकाम, श्री हितेन्द्र सोड़ी, श्री रोहित कोसमा, श्री विशुन पण्डो, श्री एस. सत्यनारायण, श्रीमती लक्ष्मी तिवारी, श्रीमती लेखनी नेताम, श्रीमती वी. लक्ष्मी सरोज, श्री राजकुमार भदौरिया, श्री मुक्का राम कश्यप, श्री आयतु राम कश्यप, श्रीमती पूजा नाग, श्री पुनेम हड़मा, श्री निरंजन प्रसाद बैगा, श्री लखूराम कश्यप, श्री शैलेन्द कुमार चन्द्रवंशी, श्री उमेश कुमार चुरेन्द्र, श्रीमती भीमे कश्यप श्री वत्तेराम नेताम शामिल है।

## समाचार संक्षेप

### नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन कराने नोडल अधिकारी नियुक्त

**सुकमा 28 जनवरी।** आगामी नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2024-25 के दौरान विभिन्न निर्वाचन गतिविधियों के संचालन के लिए कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के द्वारा जिलास्तरीय अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी से जारी आदेशानुसार जाबो कार्यक्रम और निर्वाचन प्रशिक्षण के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती नम्रता जैन को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसी प्रकार एमसीसी, रिज़र्व दल और मानव संसाधन के लिए अपर कलेक्टर श्री गजेंद्र सिंह ठाकुर, कानून व्यवस्था के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक वर्मा, शिकायत सेल, मतगणना और सामग्री वितरण वापसी में संयुक्त कलेक्टर श्री सूरज कश्यप, निर्वाचन कर्तव्य मतपत्र में श्री सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्री शरतचंद्र शुक्ला और जिला शिक्षा अधिकारी श्री गिरीश मंडावी, मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति(एमसीएमसी) और मीडिया प्रभारी के रूप में सहायक सूचना अधिकारी जनसंपर्क श्री सुखसागर वारे, परिवहन योजना एवं रूट चार्ट में श्री शिवराम रावटे, कार्मिक कल्याण में उप संचालक समाजकल्याण श्री संजय पाण्डे, ईवीएम और मतपेटी के लिए अनुविभागीय अधिकारी आरईएस श्री रवींद्र ताती, नियंत्रण कक्ष और प्रतिवेदन में डिप्टी कलेक्टर श्री सुमित ध्रुव, मतपत्र मुद्रण, प्रूफ रीडिंग और निर्वाचन व्यय मानिटरिंग में कोषालय अधिकारी श्री प्रवीण चंद्र भगत, प्रेक्षक में डीएफओ श्री अशोक पटेल, चिकित्सा सहायता के लिए सीएमएचओ डॉ. कपिल कश्यप, निर्वाचन सामग्री के लिए संयुक्त कलेक्टर श्री प्रताप विजय खेस की ड्यूटी लगाई गई है।

### कन्या शाला परिसर में मनाया गणतंत्र दिवस



**जगदलपुर 28 जनवरी।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर कन्या शाला पंच चौक जगदलपुर के प्रांगण में स्थित शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा ध्वज फहरा कर हर्षोल्लास के साथ विभिन्न कार्यक्रम कर गणतंत्र दिवस मनाया गया द्य कार्यक्रम के मुख्यातिथि जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारा देश संविधान से चलता है,भारत विकासशील देश से विकसित देश बनने की ओर अग्रसर है। बस्तर भी बदल रहा है द्य हमारे विद्यार्थी कल के भविष्य है । बस्तर के विद्यार्थी अपनी शिक्षा, खेल और संस्कृति में अपना योगदान दे द्य देश के शहीदों-बलिदानियों को सच्ची श्रद्धांजलि तब होगी जब हम उनके आदर्शों का पालन करेंगे । शिक्षा को अन्तिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य है । इस अवसर पर भैरमगंज हायर सेकेंड्री की प्राचार्य श्रीमती रेबा बोस ने संविधान पर प्रकाश डालते हुए शाला परिवार के संबद्ध में जानकारी देते हुए आनंद मेले के सफल आयोजन के लिए शाला परिवार को बधाई दी।

अतिथियों के स्वागत सत्कार एवं उद्बोधन पश्चात् स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए तथा संस्थाओं की ओर से मिष्ठान वितरण किया गया द्य इस अवसर पर विद्यार्थियों के पालक, गणमान्य नागरिकों सहित देवराज कश्यप एवं तीनों संस्थाओं में हायर सेकेंड्री के सीमा घोष, सैय्यद अरशद हुसैन, मोनिका जैन, सोनिया सिंह, रीता सलाम, तरूणी पाणीग्राही, सुनीता ठाकुर, विनय देवांगन, माध्यामिक शाला से प्रधान अध्यापक श्रीमती मनीषा महापात्र, मालती साव, मोहम्मद ताहीर शेख, डॉक्टर आरती रानी जैन, ऋषभ शिवहरे, सुबती बघेल,प्राथमिक शाला से प्रधान द्वठ्ठ अध्यापक श्रीमती दयमती बघेल, स्मृति बुडेक उपस्थित रहें। मंच का संचालन व्याख्याता श्रीमती मोनिका जैन द्वारा किया गया।

### पांचवें दिन नपा कांकेर में पार्षद के लिए 19 और अध्यक्ष पद के लिए 2 ने खरीदे प्रपत्र

**उत्तर बस्तर कांकेर, 28 जनवरी।** नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 हेतु नाम निर्देशन पत्र का आज पांचवे दिवस नगरपालिका परिषद कांकेर अंतर्गत पार्षद के लिए 19 और नगरपालिका अध्यक्ष हेतु 02 सम्भावित अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र क्रय किया। नगर पालिका परिषद कांकेर अंतर्गत पार्षद पद हेतु आज 31 और नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए 01 नाम निर्देशन पत्र जमा किया गया। उल्लेखनीय है कि नगरपालिका आम निर्वाचन के लिए नाम निर्देशन की अंतिम तिथि मंगलवार 28 जनवरी निर्धारित है। नाम निर्देशन पत्र की संवीक्षा 29 जनवरी तथा नाम वापसी की तिथि 31 जनवरी दोपहर 03 बजे तक, मतदान तिथि 11 फरवरी और मतगणना 15 फरवरी को होना तय है। नाम-निर्देशन पत्र प्राप्त करने के लिए सुबह 10 से सायं 5.30 बजे तथा 03 बजे तक नाम-निर्देशन पत्र जमा कर सकते हैं।



**सुकमा 28 जनवरी।** पार्षद मनोज देव ने बीजेपी से दिया इस्तीफा।

समस्त देशवासियों एवं प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं



कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी
वि.खं.नरहरपुर,जिला-उ.ब.कांकेर (छ.ग.)

समस्त देशवासियों एवं प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



साहू
फल भंडार
कांकेर

समस्त देशवासियों एवं प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



समस्त ठेकेदार
लोक निर्माण विभाग
भानुप्रतापपुर
जिला-उ.ब.कांकेर (छ.ग.)

समस्त देशवासियों एवं प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं



कार्यालय
अक्षय ऊर्जा विकास विभाग
कांकेर
जिला-उ.ब.कांकेर (छ.ग.)

समस्त देशवासियों एवं प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं




मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
स्वास्थ्य विभाग-कांकेर
जिला-उ.ब.कांकेर (छ.ग.)

जिलावासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
संकलनकर्ता
हेमंत बेश्रा मानिकपुरी
जिला प्रतिनिधि-तरुण छत्तीसगढ़-कांकेर



# नेहरू नगर यूथ हॉस्टल में सोल्लास मनाया गया गणतंत्र दिवस



**कोरबा, 28 जनवरी।** यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया कोरबा इकाई के द्वारा नेहरू नगर स्थित कार्यालय में 76वां गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया। वरिष्ठ प्रतिनिधि श्रीमती सुमन सेठ और इकाई अध्यक्ष सतीश शुक्ला के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। सभी सदस्यों ने इस अवसर पर राष्ट्रगान प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों के द्वारा गणतंत्र दिवस के महत्व पर भाषण दिया गया। भारत भूमि और इसकी विशेषता पर आधारित नृत्य की प्रस्तुति बच्चों के द्वारा की गई। संगठन की महिला सदस्यों के द्वारा भी गीत और अभिव्यक्ति प्रस्तुत की गई जिसे सभी ने प्रोत्साहित किया। संकल्प के द्वारा संगीतमय प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सतीश शुक्ला ने गणतंत्र दिवस के संबंध में विस्तार से बात रखी। उन्होंने 76 वे गणतंत्र दिवस की ज्योतिषी गणना करते हुए इसके पीछे के दर्शन को स्पष्ट किया।

इसके साथ यह भी बताया कि भारत की स्वतंत्रता का दिन 15 अगस्त था। अंक ज्योतिष के हिसाब से यह गणना भारत को सभी क्षेत्रों में समृद्ध करने वाली होती है और उसके निर्णय अपने आप में विशिष्ट होते हैं। जबकि 14 का अंक और उसका स्वभाव कुछ ऐसा होता है जिसके पास अपना विवेक नहीं होता और उसकी फजीहत होती है। पाकिस्तान के साथ घटित हो रहे घटनाक्रम को लेकर उन्होंने इस अवधारणा को स्पष्ट किया। विशिष्ट अतिथि तरुण मिश्रा ने भी अपनी बात रखी। कार्यक्रम के अगले चरण में अतिथियों के द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर अपनी प्रस्तुति देने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार दिए गए। संगठन ने अपने उन सदस्यों को भी इस अवसर पर सम्मानित किया जिन्होंने पिछले वर्ष अधिकतम सदस्य बनाने के लिए प्रयास किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष संदीप सेठ, एचआर मिरेन्द्र, शैलेंद्र नामदेव, जगदीश प्रधान, विजेश, काव्या साहू, पूनम ताम्रकार, सहित सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## एक नजर

### गणतंत्र दिवस समारोह में मधुमक्खियों का हमला, 6 लोग घायल

**कोरबा, 27 जनवरी।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर बालको कन्या शाला में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एक अजीबो-गरीब घटना घटी, जब मधुमक्खियों के झुंड ने छात्रों और स्कूल स्टाफ पर हमला कर दिया। इस हमले से मौके पर अफरातफरी मच गई और 6 लोग घायल हो गए। घायल होने वालों में दो छात्र भी शामिल हैं, जिनका इलाज अस्पताल में जारी है। सूत्रों के अनुसार, जैसे ही स्कूल में गणतंत्र दिवस कार्यक्रम शुरू हुआ, मधुमक्खियों के झुंड ने छात्रों पर हमला कर दिया। इससे छात्रों और स्कूल स्टाफमें हड़कंप मच गया और लोग इधर-उधर भागने लगे। इस हमले में दो छात्र और चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। मधुमक्खियों का झुंड अचानक स्कूल के पास स्थित एक पेड़ से बाहर निकला और कार्यक्रम स्थल पर आकर हमला कर दिया। इससे स्कूल परिसर में अफरा-तफरी मच गई, और छात्रों को बचाने के लिए शिक्षकों ने कड़ी मशक्कत की। घायल छात्रों और अन्य लोगों का इलाज कोरबा के एक अस्पताल में किया जा रहा है और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

### नगर पालिका परिषद दीपका, कटघोरा और बाकीमोगरा कांग्रेस अध्यक्ष प्रत्याशी घोषित

**कोरबा, 27 जनवरी।** कांग्रेस ने नगर पालिका परिषद दीपका , कटघोरा और बाक़ीमोगरा अध्यक्ष पद के प्रत्याशी का ऐलान कर दिया है। दीपका (सामान्य) से विनोद शुक्ला, कटघोरा (अपिव) से राज जायसवाल और बाकीमोगरा (सामान्य महिला) से माया अग्रवाल को अध्यक्ष प्रत्याशी घोषित किया है।

### संजू देवी राजपूत होगी भाजपा से कोरबा की महापौर प्रत्याशी

**कोरबा, 27 जनवरी।** संजू देवी राजपूत को भारतीय जनता पार्टी ने अपना प्रत्याशी बनाया है। भाजपा नेताओं में जिन पांच महिला नेत्रियों के नाम पर मंथन चल रहा था उनमें श्रीमती संजू देवी राजपूत को सबसे सशक्त दावेदार मानते हुए उन्हें पार्टी प्रत्याशी बनाने का निर्णय ले लिया गया है।

### वरिष्ठ आदिवासी नेता पूर्व विधायक बोधराम कंवर सड़क हादसे में घायल




**कोरबा, 27 जनवरी।** कटघोरा विधानसभा क्षेत्र का सात बार प्रतिनिधित्व करने वाले पूर्व विधायक बोध राम कंवर सड़क दुर्घटना में घायल हो गए हैं। कंवर प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में स्नान कर बीती रात वापस लौट रहे थे। मोरगा पुलिस चैकी के समीप केंदई गांव में उनकी गाड़ी के चालक को नींद आ गई जिसके कारण गाड़ी अनियंत्रित होकर किनारे पत्थरों से जा टकराई। इस दुर्घटना में बोध राम कंवर को काफी चोट आई है। उनके साथ गाड़ी में चार लोग सवार थे जिनमें से दो अन्य लोगों को भी गंभीर चोट लगी है। सभी घायलों को कटघोरा के एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है जहां उनके पुत्र और कटघोरा के पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर और व स्थानीय कांग्रेस नेता अस्पताल पहुंच गए हैं।

### जिला प्रशासन ने मतदाता जागरूकता का संदेश देने सद्भावना क्रिकेट मैच का किया आयोजन

# पत्रकार इलेवन की टीम बनी विजेता





- प्रशासन इलेवन एवं पत्रकार इलेवन के बीच खेला गया रोमांचक मैच
- प्रशासन इलेवन के बल्लेबाज बी रूद्रपति ने मैन ऑफ द मैच का खिताब हासिल किया

**बालोद, 28 जनवरी।** बालोद जिला प्रशासन द्वारा आगामी नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के दौरान जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने हेतु मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन एवं पत्रकार इलेवन के मध्य सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया।

जिला मुख्यालय बालोद के स्व. सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में आयोजित इस सद्भावना क्रिकेट मैच के माध्यम से जिले के मतदाताओं को सभी प्रकार के निर्वाचनों में अनिवार्य रूप से सभी प्रकार के निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। जिला प्रशासन एवं पत्रकार इलेवन के मध्य खेले गए इस रोमांचक मैच में पत्रकार इलेवन की टीम 08 विकेट से विजयी रही। इसी तरह उपविजेता का खिताब जिला प्रशासन की टीम ने हासिल की। इस पूरे मैच में बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए जिला प्रशासन के बल्लेबाज बी रुद्रपति ने मैन ऑफ द मैच का खिताब जीता। बी रुद्रपति जिला प्रशासन इलेवन की ओर से बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए कुल 56 रन बनाए। उल्लेखनीय है कि प्रशासन इलेवन की टीम ने 10 ओवर के मैच में 7 विकेट खोकर 94 रन बनाए। इस तरह से पत्रकार इलेवन की टीम के सामने जीत के लिए कुल 10 ओवर में 95 रन का लक्ष्य था। जिसे पत्रकार इलेवन की टीम ने 8.4 ओवर में 2 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल किया। इस दौरान पत्रकार इलेवन के बल्लेबाज प्रवीण ने कुल 34 रन, रिषभ ने 33 एवं अनिकेत ने 19 रन बनाकर बेहतरीन बल्लेबाजी की। इसी तरह बी रुद्रपति के अलावा टीआई रविशंकर पांडे ने 13 रन बनाकर बेहतरीन बल्लेबाजी की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रशासन इलेवन के कप्तान इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने आज आयोजित इस सद्भावना मैच की भूरी भूरी सराहना की। उन्होंने विजेता टीम पत्रकार इलेवन के प्रदर्शन को बहुत ही उम्दा एवं अत्यंत सराहनीय बताया। चंद्रवाल ने सद्भावना मैच के विजेता के खिताब हासिल करने के लिए पत्रकार इलेवन की टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। इस दौरान कलेक्टर चंद्रवाल ने बेहतरीन कमेंट्री कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक एसआर भगत ने जिला प्रशासन और पत्रकारों के मध्य आयोजित इस सद्भावना मैच के पहल की भूरी भूरी सराहना की। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से आम जनता को मताधिकार के महत्व की जानकारी प्रदान कर उन्हें अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार के प्रयोग के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया गया है वह बहुत ही सराहनीय है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ संजय कन्नौजे ने आज आयोजित इस सद्भावना मैच की भूरी-भूरी सराहना करते हुए सद्भावना मैच के सभी खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने जिले के सभी मतदाताओं को आगामी नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के दौरान शत प्रतिशत अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील भी की। पत्रकार इलेवन के कप्तान एवं जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष संतोष साहू ने जिला प्रशासन एवं पत्रकारों के मध्य आज आयोजित इस सद्भावना मैच के आयोजन की इस बेहतरीन पहल की भूरी-भूरी सराहना की। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा इस सद्भावना मैच के आयोजन के माध्यम से जिले के आम नागरिकों एवं मतदाताओं को सभी प्रकार के निर्वाचनों में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार के प्रयोग के लिए प्रेरित करने का जो प्रयास किया जा रहा है वह अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि आगामी आम निर्वाचन के दौरान जिले के मतदाता शत प्रतिशत मतदान कर नया कीर्तिमान स्थापित करेंगे।

उल्लेखनीय है कि आज आयोजित सद्भावना मैच में प्रशासन इलेवन की टीम में कप्तान कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, पुलिस अधीक्षक एसआर भगत, सीईओ जिला पंचायत डॉ संजय कन्नौजे, एसडीएम बालोद सुरेश साहू, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस देवांश राठौर, नायब तहसीलदार मुकेश गजेंद्र एवं बी रुद्रपति, थाना प्रभारी कोतवाली रवि पांडे, सीईओ जिला पंचायत उमेश रात्रे, पीटीआई सूर्यकांत सिन्हा सहायक संचालक सांख्यिकी मुकेश ठाकुर शामिल हुए। इसी तरह पत्रकार इलेवन की टीम में कप्तान के रूप में जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष संतोष साहू, सिटी प्रेस क्लब के अध्यक्ष टीकम पिपरिया, उपाध्यक्ष मोईन खान एवं महासचिव प्रकाश उपाध्याय सहित जिला प्रेस क्लब के महासचिव राहुल भूतड़ा, अफजल रिजवी, अरुण उपाध्याय, विकास साहू, सुप्रीत शर्मा, ऋषभ, देवेंद्र, लकी अरोड़ा, मोइन खान, गुलाब, जितेंद्र साहू, तिलक देशमुख, अनिकेत जॉन, अजय, प्रवीण, ओम गोलछा, तेजराम साहू, फुरकान खान शामिल हुए। इस अवसर पर एडिशनल एसपी मोनिका ठाकुर, अशोक जोशी, जनसंपर्क अधिकारी चंद्रेश ठाकुर, तहसीलदार आशुतोष शर्मा सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में पत्रकारगण उपस्थित थे।

# 10 साल में कोरबा को कांग्रेस ने किया खोखला : उद्योग मंत्री

## जनता तैयार है सबक सिखाने के लिए : लखनलाल देवांगन




**कोरबा, 27 जनवरी।** 10 साल में कोरबा शहर को कांग्रेस के खोखला कर दिया था, इस चुनाव में कांग्रेस के पास बताने के लिए एक बड़ी उपलब्धि नहीं है। उक्त बातें नगर विधायक, वाणिज्य उद्योग व श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने तिलक भवन प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में कही।

मंत्री श्री देवांगन ने कहा की भाजपा ने विधानसभा चुनाव में मोदी की गारंटी के नाम पर जो भी वादा किया था उसे माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी द्वारा पूरी की जा रही है। मंत्री श्री देवांगन ने कहा की कोरबा नगर निगम क्षेत्र में 72 हजार महिलाओं को महतारी वंदन योजना का प्रतिमाह 1 हजार रूपए का लाभ मिल रहा है। कोरबा शहर के एक एक वार्ड में विकास कार्य अब जनता को दिखने लगा है, जनता को मालूम है की भाजपा आएगी विकास लायगी, कांग्रेस सिर्फ भ्रष्टाचार और कमीशन खोरी ही कर सकती है। पूरी कोरबा शहर की जनता का आशीर्वाद भाजपा प्रत्याशी श्रीमती संजू देवी राजपूत और सभी 67 पार्षद प्रत्याशियों को मिलने जा रही है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह, पूर्व महापौर जोगेश लांबा, जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी सहित अन्य उपस्थित थे

### निगम में भाजपा आने के बाद होगी हर भ्रष्टाचार की जांच

एक सवाल के जवाब में मंत्री श्री देवांगन ने कहा की बीते 10 वर्षों में कोरबा नगर निगम में हुए भ्रष्टाचार की जांच जरूर कराई जाएगी। कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार की वजह से कोरबा का विकास रोकने वाले कांग्रेसियों को कोरबा की जनता विधानसभा और लोकसभा चुनाव की तरह सबक सिखाएगी।

## समाचार संक्षेप

# अंचल में जगह-जगह शान से लहराया तिरंगा



**सिमगा, 28 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर एवं ग्रामीण अंचल में 76 वां गणतंत्र दिवस बड़े ही धुमधाम एवं हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव के चलते आचार संहिता के दायरे सभी शासकीय एवं गैर शासकीय संस्थाओं में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा शान से फहराया गया। जिसमें बाजार चौक गांधी मैदान में एसडीएम अंशुल वर्मा प्रशासक ने थाने में थाना प्रभारी योगिता खापर्डे ने ध्वजारोहण किया। ततपश्चात प्रशासक ने मुख्यमंत्री के संदेश को वाचन कर उपस्थित जनसुदाय को अवगत कराया। इससे पूर्व नगर पंचायत के कर्मचारियों ने प्रशासक सहित उनकी धर्मपत्नी मुख्य नगर पालिका अधिकारी थाना प्रभारी सिमगा का पुष्प गुच्छ से आत्मीय स्वागत किया। उसके उपरांत नन्हे मुन्ने स्कूली बच्चों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित नगर पंचायत अध्यक्ष भागवत सोनकर ने बच्चों को प्रोत्साहन राशि भेंट किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या लोग उपस्थित थे।

## शराब पीकर वाहन चलाते ट्रक चालक ने दो को कुचला,गिरफ्तार

- ग्राम लिमतरा गुलाब ढाबा के पास एक्सीडेंट होने से मोटरसाइकिल सवार 2 लोगों की हुई थी मृत्यु

**बलौदाबाजार, 28 जनवरी।** जिले के सिमगा थानाक्षेत्र में गणतंत्र दिवस के दिन एक शराबी ट्रक चालक ने मोटरसायकल सवार दो लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में मोटरसायकल सवार दोनों की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

बता दें कि 26 जनवरी की शाम सिमगा पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम लिमतरा गुलाब ढाबा के पास ट्रक क्रमांक सीजी 04 एलजे 4330 का चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए मोटरसाइकिल सवार दो लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में मोटरसाइकिल में बैठे दोनों की मौके पर ही मृत्यु हो गई है। बताया जाता है कि ट्रक चालक ने मोटरसाइकिल सवारों पीछे से ठोकर मारी और इसके बाद जब दोनों नीचे गिर गए तो ट्रक चालक द्वारा मोटरसाइकिल में पीछे बैठी महिला को रौंदते हुए आगे निकल गया तथा मोटरसाइकिल चालक को अपने ट्रक के पहिए में घसीटते हुए लगभग 100 मीटर दूर ले गया। इस हादसे की जानकारी मिली तो थाना सिमगा एवं पुलिस सहायता केंद्र लिमतरा का पुलिस टीम तत्काल घटना स्थल ग्राम लिमतरा गुलाब ढाबा के पास पहुंची तथा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी ट्रक वाहन चालक दीपक कुमार गावड़े उम्र 26 साल निवासी चौगेल थाना भानूप्रतापपुर जिला कांकेर को हिरासत में लिया गया। जिससे पूछताछ करने पर स्वयं उसके द्वारा चलाए जा रहे ट्रक द्वारा मोटरसाइकिल चालक एवं उसमें सवार महिला को एक्सीडेंट करना, जिससे दोनों की मृत्यु होना स्वीकार किया गया। जिसके बाद आरोपी के खिलाफ धारा 105 बीएनएस (अपराधिक मानव वध) का प्रकरण पंजीबध्द कर किया गया और आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपी वाहन चालक का मेडिकल भी कराया गया है जिसमें नशा में होना प्रमाणित पाया गया है।

## यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर की गई कार्रवाई

**बलौदाबाजार, 28 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा आपरेशन विश्वास के तहत यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सख्ती से कार्यवाही की जा रही हैं, सांथ ही जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम, सुगम एवं सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था के लिए, यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने हेतु यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 19 जनवरी को यातायात पुलिस द्वारा सड़क मार्ग में दो-पहिया वाहन में तीन सवारी, बिना नंबर के वाहन चलाने वाले, नो-पार्किंग में अपने वाहन खडा करने वाले एवं हेलमेट पहने बिना दोपहिया वाहन चलाने वाले चालकों पर सख्त कार्रवाई किया गया है।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ, जिला राजनांदगांव (छ.ग)**

क्रमांक/494/प्र.-1/अ.वि.अ./राजस्व/2025
डोंगरगढ़, दिनांक 22/01/2025

**ज्ञापन**

प्रति,
1 उप संचालक नगर तथा ग्राम निवेश राजनांदगांव
2 कार्यपालन अभियंता विद्युत वितरण कंपनी मर्या. डोंगरगढ़
3 अनुविभागीय अधिकारी (लो.नि.वि.भ./स.) डोंगरगढ

विषय :- भू-स्वामी की भूमि भू उपयोग में परिवर्तन के संबंध में अभिमत देने बाबत्।

आवेदक एम. संजीवराव पिता एम.सीताराम, जाति कायस्थ, निवासी बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिसमें लेख किया गया है कि आवेदक के स्वामित्व व आधिपत्य में ग्राम डोंगरगढ़ प ह नं 25 रानि म डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़, जिला- राजनादगांव (छ.ग.) में खन. 83/11 रकबा 0.0300 हेक्टेयर कृषि भूमि स्थित है। आवेदक उपरोक्त ख. नं. 83/11 रकबा 0.0300 हे. कृषि भूमि को अपने आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु परिवर्तीत करवाना चाहता है। आवेदक द्वारा ग्राम डोंगरगढ़ प. ह. नं 25 रा.नि.मं. डोंगरगढ़ तहसील-डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) में स्थित खसरा नंबर 83/11 रकबा 0.0300 हे. कृषि भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु परिवर्तित किये जाने बाबत् छ.ग.भू.रा. संहिता की धारा 172 के तहत् निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के व्यपवर्तन के संबंध में स्पष्ट आपत्ति अथवा अनापत्ति अभिमत नियत पेशी तिथी 07/03/2025 के पूर्व से न्यायालय में प्रेषित् करना सुनिश्चित् करें। समयावधि में अभिमत प्राप्त न होने की स्थिति में आपकी मौन स्वीकृति मानते हुए प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेंगी।

**संलग्न :- नक्शा, खसरा बी-1 की प्रति**

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़**


### शुष्क दिवस पर आबकारी विभाग ने की अवैध शराब विक्रेताओं के विरुद्ध कार्रवाई

# 702 आपराधिक प्रकरणों में 807 लीटर अवैध शराब व 760 किलो लाहन जब्त

**बालोद, 27 जनवरी।** सचिव सह आबकारी आयुक्त श्याम लाल धावड़े के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के मार्गदर्शन में जिला आबकारी अधिकारी राजेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में बालोद जिले में शुष्क दिवस 26 जनवरी को अवैध मदिरा निर्माण, धारण, परिवहन एवं विक्रेताओं के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसके अंतर्गत शराब कोचियों के विरूद्ध अवैध निर्माण, धारण, परिवहन, विक्रय एवं चैर्यनयन के विरुध्द कार्यवाही करते हुए 26 जनवरी शुष्क दिवस को थाना गुण्डरदेही क्षेत्र के अंतर्गत आरोपी पुनुलाल बंजारे एवं थाना बालोद के अंतर्गत आरोपी परमेश्वर साहू के पास से कुल 9.36 (बाजार मूल्य 04 हजार 680 रुपये) लीटर देशी प्लेन शराब जप्त कर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) ख के तहत 03 प्रकरण कायम कर आरोपी के विरूद्ध प्रकरण कायम किया गया है।

जिला आबकारी अधिकारी राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि 01 अप्रैल 2024 से 26 जनवरी 2025 तक 1290 जगहों में अवैध मदिरा के विक्रय, धारण, निर्माण, संग्रहण, परिवहन एवं अवैध रुप से मद्यपान की सुविधा उपलब्ध कराने तथा सार्वजनिक स्थल पर मदिरापान करने वालों के विरुध्द सतत अभियान चलाकर कुल 702 अपराधिक प्रकरण कायम किया गया है। जिसमें कुल 807.16 लीटर अवैध शराब, 760 कि.ग्रा. लाहन एवं 02 दोपहिया वाहन (कुल बाजार मूल्य 03 लाख 97 हजार 332 रुपये) जप्त की गई है एवं मदिरा दुकानों से संलग्न अहाता संचालकों के विरुध्द कुल 74 विभागीय प्रकरण कायम किया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यवाही आबकारी उपनिरीक्षक आशाराम शाक्य, आबकारी उपनिरीक्षक अतुल देवांगन, आबकारी उपनिरीक्षक जागेश्वर सिंह दाऊ एवं आबकारी उपनिरीक्षक रोशन लाल बंजारे द्वारा की गई। उन्होंने बताया कि आबकारी विभाग जिला बालोद द्वारा अवैध मदिरा धारण, विक्रय, संग्रहण, परिवहन एवं तस्करी के विरुध्द अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## शराब का अवैध परिवहन करते एक गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 27 जनवरी।** जिले की चौकी गिरौदपुरी पुलिस ने मोटरसाइकिल में अवैध रूप से बिक्री करने के लिए महुआ शराब ले जाते हुए एक शराब कोचिया को गिरफ्तार किया है तथा उसके पास से 5400 कीमत मूल्य का 27 लीटर अवैध महुआ शराब एवं मोटरसाइकिल जप्त किया है। बता दें कि आपरेशन विश्वास के तहत चौकी गिरौदपुरी पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में दिनांक 27.01.2025 को चौकी गिरौदपुरी की पुलिस टीम द्वारा ग्राम अमोदी मोड के पास घेराबंदी कर मोटरसाइकिल के माध्यम से बिक्री करने के लिए अवैध महुआ शराब ले जाते हुए एक शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। पुछताछ में आरोपी ने अपना नाम सरवन उम्र 28 साल निवासी ग्राम हसुवा बलौदा थाना गिधौरी बताया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी से 5400 कीमत मूल्य का 27 लीटर महुआ शराब एवं अवैध रूप से शराब परिवहन में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाइकिल जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध चौकी गिरौदपुरी में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।







रायपुर 28 जनवरी। नगरीय निकाय चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने के आज अंतिम दिन विभिन्न वार्डो से दलों के अधिकृत प्रत्याशियों व बड़ी संख्या में निर्दलियों ने नामांकनपत्र दाखिल किया।

## बंटी के बाद आकाश ने दिया कांग्रेस को झटका



**रायपुर 28 जनवरी।** नगर निगम चुनाव के ठीक पहले कांग्रेस को झटके पर झटके लग रहे हैं। हरदीप सिंह बंटी होरा के बाद अब पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड के कांग्रेस पार्षद आकाश तिवारी पार्टी छोड़कर अब निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे ।आकाश रविशंकर शुक्ल से वार्ड से सीटिंग पार्षद है। कांग्रेस ने उनका टिकट का काट कर कामरान अंसारी को प्रत्याशी बनाया है। पार्टी सूत्रों के अनुसार महापौर चुनाव में मुस्लिम बाहुल्य इलाके को साधने के लिए आकाश की टिकट काटी है और कामरान को वार्ड बदल कर आकाश के वार्ड से मौका दिया गया है। टिकट कटने से नाराज युवा पार्षद आकाश ने सोशल मीडिया में निर्दलीय चुनाव लड़ने की बात कही है।

# अंतिम दिन महापौर और पार्षद पद के प्रत्याशियों ने भरा नामांकन

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 28 जनवरी।** जिलाधीश कार्यालय में आज नामांकन पत्र भरने के अंतिम दिन महापौर व पार्षद पद के लिए राष्ट्रीय दलों के प्रत्याशियों के साथ ही निर्दलियों का रेला लगा रहा जिसके कारण जीई रोड में जाम लगने से आम लोग परेशान रहे। भाजपा की रैली में चुनाव प्रभारी कृषि मंत्री रामविचार नेताम, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, राजेश मूणत एवं विधायक सुनील सोनी उपस्थित थे। कांग्रेस की ओर से कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी पहुंचे। आज कांग्रेस की सूची मध्य रात्रि जारी होने के कारण कांग्रेस प्रत्याशी काफी परेशान रहे।



**स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड से आज आप प्रत्याशी राजेन्द्र डागा ने पार्षद पद के लिए नामांकन दाखिल किया।**

जिलाधीश कार्यालय में महापौर पद के लिए भाजपा की प्रत्याशी मीनल चौबे सहित पार्षद पद के प्रत्याशी अपने-अपने वार्डों से बाजे-गाजे के साथ निकले। एकात्म परिसर रजबंधा मैदान में पहुंचकर सभी ने एकजुटता का परिचय दिया। सभी कार्यकर्ताओं का बी फार्म भी जमा कर दिया जाएगा। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं अधिवक्ताओं ने पार्षद पद के प्रत्याशियों के नामांकन पत्र का बारीकी से पड़ताल की। सभी पार्षदों के पास नगर निगम का एनओसी, संपत्ति का विवरण एवं थाने का सर्टिफिकेट है।

भाजपा के सभी वार्डों के प्रत्याशियों ने भी आज नामांकन दाखिल कर दिया है। रमण मंदिर वार्ड से सूर्यकांत राठौर, सुन्दर लाल शर्मा वार्ड से सरिता दुबे, महंत लक्ष्मीनारायण वार्ड अंबर अग्रवाल, स्वामी विवेकानंद वार्ड मुरली शर्मा सहित भाजपा के सभी अधिकृत प्रत्याशियों ने फार्म भरा।

कांग्रेस की पार्षद पद की अधिकृत सूची मध्यरात्रि जारी की गई जिसके चलते सभी प्रत्याशी परेशान रहे। नामांकन भरने के पहले कई सारी कानूनी प्रक्रियाएं पूरी करनी पड़ती है।



रायपुर। ब्राह्मण पारा वार्ड 43 के भाजपा प्रत्याशी अजय साहू ने साथियों सहित नामांकन दाखिल किया।






रायपुर 28 जनवरी। आज आखिरी दिन महापौर पद की भाजपा प्रत्याशी शक्ति प्रदर्शन के साथ श्रीमती मीनल चौबे ने नामांकन दाखिल करने के पूर्व मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर विधायक राजेश मूणत,पुरंदर मिश्रा, सुनील सोनी मौजूद रहे। उन्होंने भाजपा कार्यालय से जुलूस निकालकर नामांकन पत्र भरने कलेक्टोरेट पहुंची।

## कांग्रेस ने बड़ी संख्या में काटे पार्षदों के टिकट

**रायपुर 28 जनवरी।** कांग्रेस ने रायपुर नगर निगम में थोक में चुने हुए पार्षदों के टिकट काटकर दूसरे को दे दिया है. ऐसे में एक तरफ कांग्रेस के भीतर टूट-फूट शुरू हो गई है, तो दूसरी ओर भाजपा के नेता कांग्रेस में मचे घमासान पर तंज कसने लगे हैं. दरअसल, कांग्रेस ने रायपुर नगर निगम में थोक में सिटिंग पार्षदों के टिकट काटे हैं. इनमें वार्ड 27 से पार्षद सुरेश चन्नावार, वार्ड 28 से हरदीप सिंह होरा 'बंटी', वार्ड 29 से पुरुषोत्तम चंद्र बेहरा, वार्ड 35 से आकाश तिवारी, वार्ड 36 से अनवर हुसैन, वार्ड 37 से रितेश त्रिपाठी, वार्ड 40 से सीनियर पार्षद ज्ञानेश शर्मा और वार्ड 62 से पार्षद समीर अख्तर का टिकट कटा है. वहीं महापौर और वार्ड 46 के पार्षद एजाज़ ढेबर को वार्ड 57 से टिकट दिया गया है. बीजेपी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कांग्रेस में इस्तीफों के दौर पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस नेताधारी पार्टी है, जहां हर एक नेता अपने आदमी को बैठना चाहता है. कांग्रेस का यह कल्चर है, उनकी ष्ठह्न में है. कांग्रेसी समाजसेवा के लिए नहीं, बल्कि व्यक्तिगत आकांक्षाओं के लिए राजनीति करते हैं. पार्टी से पहले स्वयं को महत्व देते हैं. यही होता रहता है. कुछ कार्यकर्ताओं के साथ गलत होता है, इसीलिए ऐसी स्थिति आती है।













कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26